www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 337 || अम्बेडकरनगर
शुक्रवार
06 मार्च 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदयः 06:27
सूर्यास्तः 06:09
अधिकतमः 33°00
न्यूनतमः 19°00



पेज 07

विशेष समाचार | अपने भी गिरेबान में झांकना ... >> पेज 04 | 17 साल के भतीजे ने चाची ... >> पेज 06 | ईरान-इजराइल जंग से दुबई में...

## सैन्य संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं, ईरान में अब तक 1000 लोगों की मौत

# इजराइल-ईरान जंग जल्द खत्म हो : मोदी

**अपील**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा। पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)



### मोदी बोले- एआई, 6जी और क्वांटम टेक्नोलॉजी में साझेदारी पर जोर

फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब बुधवार को चार दिवसीय भारत दौरे पर आए हैं। इस दौरे का उद्देश्य व्यापार, निवेश और उभरती प्रौद्योगिकियों सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाना है। >> (शेष पेज 06 पर)



फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब और पीएम मोदी ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की।

**मोदी ने कहा, 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 6जी टेलीकॉम, स्वच्छ ऊर्जा और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे हाई-टेक क्षेत्रों में सहयोग से दोनों देश आगे बढ़ेंगे। भारत-यूरोपीय फ्री ट्रेड एग्रीमेंट भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग को और मजबूत करेगा। राष्ट्रपति स्टब ने आयरनमैन ट्रायथलॉन पूरा किया है, जो बेहद कठिन प्रतियोगिता मानी जाती है।**



### अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग, कोलकाता-दुबई फ्लाइट शुरू, स्पाइसजेट की यूएई से दिल्ली-मुंबई के लिए 13 स्पेशल फ्लाइट्स, श्रीनगर लगातार पांचवे दिन बंद



### जेलेंस्की बोले- रूस, ईरान की मदद नहीं कर सकता

तेल अवीव/तेहरान। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज छठा दिन है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस फिलहाल ईरान की मदद करने की स्थिति में नहीं है। उनके मुताबिक रूस की ज्यादातर सैन्य ताकत यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध में उलझी हुई है।

जेलेंस्की ने एक इंटरव्यू में कहा कि रूसी सेना का बड़ा हिस्सा यूक्रेन युद्ध में लगा हुआ है और इसी वजह से मॉस्को के पास ईरान की खुलकर मदद करने की क्षमता नहीं बची है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि रूस ईरान को कुछ सैन्य तकनीक या उपकरण दे सकता है, जैसे शाहेद ड्रोन से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट। उनके मुताबिक ईरानी 'शाहेद' ड्रोन में रूसी इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट होने के संकेत मिले हैं।

### खामेनेई की मौत पर भारत ने जताया शोक, विदेश सचिव ने कंडोलेंस रजिस्टर पर किए हस्ताक्षर



नई दिल्ली। भारत ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामनेई की मौत पर संवेदना व्यक्त की है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने आज दिल्ली में ईरान के राजदूत से मुलाकात की और खामनेई की मौत पर कंडोलेंस रजिस्टर पर साइन किए। खामनेई की मौत रविवार को तेहरान में अमेरिका-इजरायल एयर स्ट्राइक में हुई थी।

भारत का यह कदम उसके रुख में छोटे से बदलाव का संकेत है, जिसमें उन एयरस्ट्राइक की निंदा नहीं की थी जिनमें खामनेई की मौत हुई थी और विपक्ष की फॉर्मल बयान की जोरदार मांगों के सामने सोची समझी चुप्पी बनाए रखी थी।



### विपक्ष कर रहा था मांग

भारत का रिएक्शन जी7 डेमोक्रेसी जैसा ही था, जिनमें से किसी ने भी शोक संदेश जारी नहीं किया था। विपक्ष ईरान के साथ भारत के लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों की ओर इशारा करते हुए इसकी मांग कर रहा है। एक समय था जब भारत अपनी जरूरत का 13 परसेंट तेल ईरान से खरीदता था और उससे काफी व्यापार करता था, लेकिन न्यूक्लियर डील से ईरान के हटने के बाद उस पर US के बैन लगने से यह व्यापार तेजी से कम हो गया।

### इराक में अमेरिकी बेस पर ड्रोन हमला किया

ईरान की सेना ने कहा है कि उसने उत्तरी इराक के एरबिल में अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर ड्रोन हमला किया है। यह जानकारी ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी ने दी है। इस हमले में अमेरिकी ठिकाने को काफी नुकसान हुआ है। >> (शेष पेज 06 पर)

### ड्रोन हमले पर माफी मांगे ईरान

अजरबैजान के राष्ट्रपति इलहाम अलीयेव ने कहा है कि नखचिवान क्षेत्र में हुए ड्रोन हमले को लेकर ईरान को माफी मांगनी चाहिए और जिम्मेदार लोगों को सजा दी जानी चाहिए। >> (शेष पेज 06 पर)

### बेरूत के दक्षिणी इलाकों के लोग तुरंत घर छोड़ें

इजराइली सेना ने लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में रहने वाले लोगों को तुरंत अपने घर छोड़ने की चेतावनी दी है। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि लोग अपनी जान बचाने के लिए तुरंत सुरक्षित इलाकों की ओर निकल जाएं। >> (शेष पेज 06 पर)

## हिमाचल से राज्यसभा के लिए अनुराग शर्मा ने भरा नामांकन

### इंदू की जगह लेंगे, बीजेपी ने नहीं उतारा प्रत्याशी

तमसा संकेत, एजेंसी

शिमला । हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के लिए कांग्रेस उम्मीदवार अनुराग शर्मा ने आज (गुरुवार को) नामांकन भरा। उन्होंने सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की मौजूदगी में नॉमिनेशन फाइल किया। इससे पहले विधानसभा में ही सीएम ने कांग्रेस विधायक दल की मीटिंग ली। इसमें राज्यसभा उम्मीदवार को लेकर हाईकमान के फैसले से विधायकों को अवगत कराया।

कांग्रेस ने आज सुबह ही अनुराग शर्मा को हिमाचल से राज्यसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया है। हाईकमान ने 5 राज्यों में 6 उम्मीदवारों के साथ अनुराग के नाम की भी घोषणा की। वह, वर्तमान में कांगड़ा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। पार्टी ने कांगड़ा के युवा नेता अनुराग को टिकट देकर सबको चौंकाया है, क्योंकि दूर दूर तक उनका नाम चर्चा में नहीं था। वहीं बीजेपी ने इस बार चुनाव में प्रत्याशी नहीं उतारा। ऐसे में अनुराग शर्मा का राज्यसभा पहुंचना लगभग तय है। आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा 16 मार्च को की जाएगी।



**हाईकमान ने जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को राज्यसभा भेजाः सीएम**

>> (शेष पेज 06 पर)

## करोड़पति कॉन्स्टेबल का 100 करोड़ का गोल्ड-कैश होगा जब्त

### सौरभ, चेतन को अपील का मिलेगा मौका

**कार्रवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

भोपाल । आरटीओ के पूर्व करोड़पति कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर से जुड़े मामले में बरामद 100 करोड़ रुपए के सोना और नकदी को सरकारी खजाने में जमा किया जाएगा। आयकर विभाग की एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी ने भोपाल स्थित बेनामी निषेध इकाई (बीपीयू) की कार्रवाई को सही ठहराया है। अथॉरिटी ने सौरभ शर्मा को सोने का वास्तविक मालिक बताया है। सौरभ शर्मा दिसंबर 2024 में तब चर्चा में आया था, जब लोकायुक्त, प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग ने उसके ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की थी। इसी दौरान 18 और 19 दिसंबर की दरमियानी रात भोपाल के मेंडोरी में इनोवा कार से 11 करोड़ रुपए कैश और 51.8 किलो गोल्ड जब्त किए गए थे।



**मेंडोरी के जंगल से इनोवा कार में 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपए कैश जब्त किया गया था।**

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### उदयपुर में तोप गरजे, गोलियों की तड़तड़ाहट से सहमा इलाका

उदयपुर । लाल पगड़ियों और सजे-धजे कपड़ों में आधी रात को हाथों में तलवारें लिए लोग खड़े थे। चारों तरफ आग उगलती तोपें थीं। एक के बाद एक धमाके हो रहे थे। बंदूकों से गोलियां चल रही थीं। माहौल ऐसा जैसे कोई महायुद्ध छिड़ गया हो।

**मौसम तापमान**

### राजस्थान में पारा 40डिग्री सेल्सियस के करीब

भोपाल/ शिमला/ जयपुर/ लखनऊ/ देहरादून । देशभर में मौसम ने एक बार फिर अलग-अलग तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। उत्तर और मध्य भारत के राज्यों में तेज गर्मी होने लगी है, जबकि पहाड़ी इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बारिश-बर्फबारी की संभावना है। मार्च की शुरुआत के साथ ही मैदानी इलाकों में तापमान सामान्य से ऊपर चल रहा है। अरब सागर में एंटी साइक्लोन बनने के कारण राजस्थान में तेजी से गर्मी बढ़ने लगी, तापमान भी बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। राजस्थान के बाड़मेर में अधिकतम तापमान 40°C के करीब पहुंच गया है।

### नाबालिग का सिर कुचला खून पीकर भेजा खाया

दमोह । मध्य प्रदेश के दमोह जिले में एक शख्स ने हथौड़े से सिर कुचलकर नाबालिग को मार डाला। नाबालिग के सिर से भेजा निकालकर खाया, फिर खून पिया। खून अपने चेहरे पर भी लगाया। खून पीने और मांस खाने का वीडियो भी सामने आया है। वारदात देहात थाना क्षेत्र की है।

## बंगाल के राज्यपाल लद्दाख के एलजी ने दिया इस्तीफा

### ममता बनर्जी ने बोस के इस्तीफे पर हैरानी जताई

**फैसला**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । पश्चिम बंगाल चुनाव से एक महीने पहले राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को बंगाल की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। उधर, लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने भी इस्तीफा दे दिया है। बोस ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेज दिया है। फिलहाल वे दिल्ली में मौजूद हैं। उधर,मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोस के इस्तीफे पर हैरानी जताई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री ने अभी मुझे सूचित किया है कि आरएन रवि को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने मुझसे राय नहीं ली है। ये केंद्र का एकतरफा फैसला है।

बोस ने 23 नवंबर 2022 को बंगाल के राज्यपाल बने थे। वहीं, गुप्ता ने 18 जुलाई 2025 को कार्यभार संभाला था।



**ममता बोलीं- मुझे गृहमंत्री ने बताया आरएन रवि नए गवर्नर होंगे, ये केंद्र का एकतरफा फैसला**

>> (शेष पेज 06 पर)

## बोले- नई सरकार को सहयोग रहेगा, गृह विभाग पर ठोका दावा, जेडीयू ऑफिस में तोड़फोड़

# नीतीश ने राज्यसभा के लिए भरा नामांकन

**नॉमिनेशन**

तमसा संकेत, एजेंसी

पटना । बिहार के CM नीतीश कुमार ने गुरुवार को विधानसभा पहुंचकर राज्यसभा कैंडिडेट के लिए नामांकन दाखिल किया। CM के साथ बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, उपेन्द्र कुशवाहा और शिवेश कुमार ने भी नामांकन दाखिल किया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे।

>> (शेष पेज 06 पर)

### नीतीश बोले- नई सरकार को पूरा सपोर्ट

नामांकन से पहले नीतीश कुमार ने अपने X पर लिखा कि, 'संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही मेरे मन में एक इच्छा थी कि मैं बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के भी दोनों सदनों का सदस्य बनूं। इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहा हूं। बिहार की नई सरकार को मेरा सपोर्ट रहेगा।' नीतीश के ऐलान पर तेजस्वी यादव ने कहा है कि, बिहार में महाराष्ट्र मॉडल बीजेपी ने लागू किया है। भाजपा ने नीतीश कुमार को इतना टॉर्चर किया कि उन्हें इस्तीफा देना पड़ रहा है।






बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए नामांकन कर दिया है। उनके साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मंत्री बिजेन्द्र यादव, श्रवण कुमार, ललन सिंह समेत अन्य एनडीए के नेता मौजूद थे।

### मंत्री, विधायक और एमएलसी को भगाया

इधर, सीएम नीतीश के राज्यसभा जाने की खबर मिलने के बाद सुबह से ही कार्यकर्ता सीएम आवास पहुंचने लगे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि, नीतीश कुमार बिहार के हैं। उन्हें कहीं नहीं जाने देंगे। हम अपनी जान दे देंगे। CM हाउस के बाहर कार्यकर्ता रोते दिखे।

>> (शेष पेज 06 पर)

**कटाक्ष : बंगाल में बोले धामी- वोट बैंक के लिए बनाए जा रहे फर्जी दस्तावेज, कांग्रेस-टीएमसी का डीएनए एक**

# जनता का पैसा बांग्लादेशी घुसपैठियों में लुटा रहीं ममता दीदी : पुष्कर धामी

तमसा संकेत, एजेंसी

देहरादून । 'पोरिबोर्तन यात्रा' में शामिल होने पश्चिमी बंगाल पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ममता बनर्जी पर जमकर हमला किया। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा-

वोट बैंक के लालच में बंगाल की जनता के हक का पैसा बांग्लादेशी घुसपैठियों में लुटाया जा रहा है। उनके फर्जी दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। उनको संरक्षण दिया जा रहा है।

उन्होने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि युवराज देश के बाहर देश को बदनाम करने की कोशिश करते हैं। कांग्रेस और टीएमसी का डीएनए एक ही है। जिनके तीन धागे हैं- भारत विरोधी, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण का समर्थन। सीएम ने कहा- बांग्लादेश से 1971 के बाद लगातार बड़ी संख्या में जो शरणार्थी आए। ऊधम सिंह नगर के आस पास सब मेरे घर के आस-पास लाखों की संख्या में शरणार्थी वहां पर हैं। >> (शेष पेज 06 पर)



### जनता संदेश दे रही-अब अन्याय नहीं चलेगा

सीएम ने कहा- आज परिवर्तन यात्रा के पहले दिन मातृशक्ति और युवाओं की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि बंगाल के अंदर अब परिवर्तन होने वाला है। यहां पर कमल फूल की सरकार आप सब लोग बनाने वाले हो। ये अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनसैलाब एकत्र हुआ है। ये तुष्टिकरण के खिलाफ चेतना है। जनता का वर्षों से दबा हुआ आक्रोश है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### हमारे दिलों को जोड़ता है मां गंगा का प्रवाह

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मैं देवभूमि उत्तराखंड से आया हूं। जहां से गंगा मैया निकलती है गंगोत्री। उस स्थल से आज आपके बीच में गंगा के अंतिम छोर गंगासागर की पावन धरती पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भले ही उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल की भौगोलिक रूप से बहुत दूरी है, लेकिन मां गंगा का पवित्र प्रवाह हमारे दिलों को जोड़ता है और हम सब को एक सूत्र में बांधने का काम करता है।

**सीएम ने कहा- पिछले कुछ वर्षों से इस भूमि को असुरक्षा से गंभीर संकट में धकेल दिया है। आज राज्य के अंदर 8 लाख करोड़ से अधिक का कर्जा है। आज ऐसी स्थिति है कि जो पैदा होने वाला बच्चा है। वह भी लाखों के कर्ज तले जन्म ले रहा है। जिस बंगाल को नारी शक्ति मानकर पूजा जाता है। आज हमारी मातृशक्ति सुरक्षित नहीं है।**

## तमिलनाडु चुनाव : डीएमके कांग्रेस में सीट शेयरिंग तय

### कांग्रेस 28 विधानसभा सीटों पर लड़ेगी

**मुहर**

तमसा संकेत, एजेंसी

चेन्नई (तमिलनाडु) । तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए द्रविड़ मुनेत्र कषगम (DMK) और कांग्रेस पार्टी में बुधवार को सीट बंटवारे पर मुहर लग गई। DMK ने कांग्रेस को 28 सीट दी हैं। इसके अलावा पार्टी को एक राज्यसभा सीट भी दी गई है।

पार्टी नेताओं के अनुसार यह फैसला DMK अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वपेरुंथगई के बीच हुई बैठक में लिया गया।

राज्य में विधानसभा की 234 सीटें हैं। 2021 के चुनाव में DMK ने 133 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस को 18 सीटें मिली थीं। DMK के नेतृत्व वाले सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस ने कुल मिलाकर 159 सीटों पर जीत हासिल की थी।



**सेल्वपेरुंथगई ने कहा- हाई कमांड और कांग्रेसी कार्यकर्ता खुश**

>> (शेष पेज 06 पर)

# हैप्पी होली कहने के विवाद में युवक की हत्या

वारदात

## लखनऊ में भाई-बहन ने चाकू से पेट में ताबड़तोड़ वार किए, पिता को बचाने आया था

- घटना के बाद मृतक के परिवार की महिलाएं अधिक आक्रोशित थीं। लोगों ने उन्हें समझा-कर शांत कराने की कोशिश की।
- गांव के साजन कुमार ने कहा- होली के दिन हैप्पी होली बोलकर निशु ने कोई गुनाह नहीं किया था।


सूरज गौतम, मृतक

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में हैप्पी होली कहने के विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पड़ोसी भाई-बहन ने उसके पेट में चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। गंभीर हालत में उसे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना 4 मार्च, बुधवार शाम करीब 5 बजे दुबग्गा थाना क्षेत्र के बेगरिया गांव की है। मृतक की पहचान सूरज गौतम (22) के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी भाई-बहन को हिरासत में लेकर जाने लगी तो लोगों ने उन्हें पीटने की कोशिश की। थाने का घेराव करके पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। मृतक के पिता राजेंद्र गौतम ने बताया- मैं बुधवार शाम करीब 5 बजे मोहल्ले के निशु के साथ घर के सामने खड़ा था। इस दौरान निशु ने वहां से गुजर रहे गांव के मोहित तिवारी को हैप्पी होली बोल दिया। बाइक सवार मोहित ने इसका विरोध किया। जिस पर हम लोगों ने उससे माफी मांगी। बावजूद इसके उसने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मेरे बेटे सूरज और शिवा बीच-बचाव करने आए। शोर-शराबा सुनकर मोहित की मां रंजना और गांव के अन्य लोग भी पहुंच गए। मोहित मेरे बेटे सूरज को किनारे ले गया। वहां अपनी बहन रंजना को आवाज देकर बुलाया। रंजना कुर्ते में चाकू छिपाकर आई। उसने सूरज के पेट में चाकू से 3 वार किया। फिर मोहित ने उससे चाकू लेकर सूरज पर कई वार किए। ग्रामीणों ने बताया कि 30 वर्षीय मोहित सरकारी विभाग में चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी है। उसकी बहन शिवानी (30) घर में ही रहती थी। उनका परिवार गांव में किसी से संबंध नहीं रखता था। उनके घर के बाहर यदि बच्चे भी खेलते-खेलते पहुंच जाते थे तो उन्हें भी मारकर भगा देते थे। मोहित को सरकारी नौकरी होने का काफी घमंड था। वह किसी से बातचीत नहीं करता था।

### हैप्पी होली बोलने पर मारपीट हुई

गांव के साजन कुमार ने बताया- मेरे हाथों में सूरज ने दम तोड़ा है। उसके पिता के दोस्त निशु ने मोहित को हैप्पी होली बोला था। इस पर उसने सूरज के पिता के साथ गाली-गलौज की। उसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई।

**मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी मोहित तिवारी और उसकी बहन शिवानी को हिरासत में ले लिया। उन्हें लेकर थाने जाने लगी। इस पर ग्रामीणों ने उन्हें पीटने की कोशिश की। पुलिस ने किसी तरह से उन्हें बचाया। इस दौरान ग्रामीणों की पुलिस के तीखी नोकझोंक हुई।**

### गुस्साए लोगों ने थाना घेरा

वारदात को लेकर लोगों में काफी गुस्सा है। लोगों ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। गुस्साए लोग दुबग्गा थाना पहुंच गए। थाने का घेराव करके पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। थाने के सामने सड़क जाम करने की कोशिश की। पुलिस ने लोगों को बताया कि मोहित, उसकी मां रंजना और बहन शिवानी तीनों को हिरासत में ले लिया गया है। कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद लोग शांत हुए। इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय ने बताया कि मोहित, उसकी मां और बहन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# होली के दिन आठ ने गंवाई जान ट्रॉमा सेंटर केजीएमयू में 248 मरीज पहुंचे

## 24 घंटे में 500 ने इमरजेंसी में कराया इलाज

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ में होली के दिन अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में घायलों की भारी भीड़ उमड़ी। इनमें बड़ी संख्या में रोड एक्सीडेंट के पीड़ितों की रही। अकेले KGMU में महज 24 घंटे के भीतर 248 लोग इलाज के लिए पहुंचे। जिन्हें ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कर इलाज दिया गया है। इनमें होली के हुड़दंग में रफ्तार का शिकार होने वालों की संख्या 72 के करीब है, जबकि कई मरीज रंगों के दुष्प्रभाव और सस्पेक्टेड प्वाइजनिंग के भी रहे हैं। इलाज के दौरान दो गंभीर मरीजों की मौत हो गई है, एक मरीज वेंटीलेटर पर गंभीर अवस्था में भर्ती है, वहीं 6 लोगों की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी। इसके अलावा लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में करीब 52 लोग सड़क हादसे में घायल होकर इलाज के लिए पहुंचे हैं। मरीजों का यह आंकड़ा KGMU के ट्रॉमा सेंटर और लोहिया संस्थान की इमरजेंसी का है। जहां पर होली के दिन सुबह 8 आठ बजे से दूसरे दिन गुरुवार को सुबह 8 बजे तक 300 मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे।

KGMU स्थित ट्रॉमा सेंटर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रेमराज ने बताया कि 248 लोग इलाज के लिए आए थे, इनमें से 75 से 80 लोग सड़क दुर्घटना में घायल मरीज थे। जिसमें से करीब 40 लोग अल्कोहल का सेवन करने की वजह से सड़क दुर्घटना में घायल हुए थे।

कई मरीज रंगों के दुष्प्रभाव के कारण आंखों में जलन आदि की समस्या लेकर भी पहुंचे थे, जिन्हें तत्काल इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई थी।

फास्ट न्यूज

### बहन से होली मिलकर लौट रहे युवक की मौत

लखनऊ। लखनऊ के विकास नगर इलाके में रोड एक्सीडेंट में युवक की मौत हो गई। होली के त्यौहार में बहन की ससुराल से लौट रहा था। तभी स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बालू अड्डा हजरतगंज निवासी रवि सिंह (23) पुत्र राम आसरे प्राइवेट जॉब करता था।

### होली खेलकर लौटे युवक की मौत

लखनऊ । लखनऊ के चौक इलाके में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह होली खेलकर घर लौटा। अचानक उसके मुंह से झाग निकलने लगा और अचेत होकर गिर गया। परिजन उसे अस्पताल ले जाने लगे। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मिर्जा मंडी कोनेश्वर पुल निवासी शुभम सैनी (28) कचहरी में आउटसोर्सिंग पर काम करते थे। बुधवार को होली खेलकर घर आकर बैठे थे। करीब 2 बजे किसी ने कॉल किया उससे मिलने गए। वहां से लौटने के बाद अपने कमरे में चले गए। कुछ ही देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी।

### लखनऊ में व्यक्ति ट्रेन से कटा

बख्शी का तालाब । लखनऊ के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से 70 साल के बुजुर्ग कैलाश नाथ की मौत हो गई। यह हादसा इंदौरा बाग मोड़ के पास हुआ, जब वह रेलवे ट्रैक के करीब मौजूद थे।

सीतापुर से लखनऊ की ओर आ रही एक ट्रेन की टक्कर लगने से कैलाश नाथ काफी दूर जा गिरे। उन्हें गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।

# मांझे से बाइक-स्कूटी सवार की गर्दन कटी

तमसा संकेत, एजेंसी



- लखनऊ में एक महीने में मांझे से 17वां हादसा, एक की हो चुकी मौत

लखनऊ । लखनऊ के हुसैनगंज इलाके में पतंग के मांझे से 2 लोगों की गर्दन कट गई। 54 साल के व्यक्ति कूलर बनवाकर घर लौट रहे थे। तभी पतंग का मांझा आ गया जो उनके गले पर लगा। वह स्कूटी सहित जमीन पर गिर गए। वहीं दोस्तों के साथ जा रहे छात्र की नाका पुल पर मांझे से गला कट गया।

माल एवेन्यू शिवपुरी मंदिर निवासी रामखेलावन (54) पशुपालन विभाग में नौकरी करते हैं। गुरुवार शाम को 5 बजे घर से कूलर बनवाने के लिए निकले थे। वहां से लौटने के दौरान घर से करीब डेढ़ सौ मीटर दूर एलए-मएस के पास चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। जिससे वह स्कूटी लेकर मौके पर गिर गए। घटना के बाद मोहल्ले वाले पहुंच गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां गंभीर हालत में उनका इलाज चल रहा है। गर्दन में गहरे घाव हुए हैं। वहीं सुशांत गोल्फ सिटी निवासी प्रणव यादव अपने दोस्तों के साथ बाइक से पान दरीबा से घर की तरफ लौट रहा था। तभी नाका पुल पर अचानक से चाइनीज मांझा उसके चेहरे पर आ गया। जिससे उसके चेहरे पर गहरे जख्म हो गए। दोस्तों ने उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां उसके दो टांके लगे हैं। छात्र की हालत खतरे से बाहर है।

### इमामबाड़ा में पर्यटकों की भीड़ उमड़ी

लखनऊ । लखनऊ में बड़ा-छोटा इमामबाड़ा खुलते ही पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद तीन दिवसीय शोक घोषित किया गया था। इसके बाद 1, 2 और 3 मार्च तक हुसैनाबाद ट्रस्ट ने बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, पिक्चर गैलरी समेत विभिन्न इमारतों को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया था। तीन दिन बंदी के बाद अब ये पर्यटन स्थल फिर से खुल गए हैं। सीतापुर से आए मोहित ने बताया- परिवार के साथ छोटा इमामबाड़ा, बड़ा इमामबाड़ा देखने के लिए आए हैं। होली से पहले आने का प्लान किया था। मगर खबरों के माध्यम से पता चला कि कुछ दिनों के लिए इमामबाड़ा बंद कर दिया गया है। मोहित ने कहा- पत्नी और बच्चे को भी साथ लाए हैं। हम पहले भी इन ऐतिहासिक इमारत को देख चुके हैं। मगर पत्नी पहली बार आई है। इन इमारत को देखना काफी सुखद अनुभव होता है। इसे देखकर लगता है कि पुराने जमाने के जो कारीगर थे।

सपा प्रमुख बोले-हिंद महासागर तक तनाव बढ़ना गंभीर मामला, केंद्र सरकार स्पष्ट करे अपना रुख

# ‘अमेरिका-इज़राइल हमलों पर सरकार की चुप्पी चिंताजनक’

**अखिलेश यादव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में देश में सरकार की सक्रियता दिखाई नहीं दे रही है, जिससे ऐसा लगता है मानो देश ‘सरकार-शून्यता’ के दौर से गुजर रहा हो। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह अंतरराष्ट्रीय हालात और देश की सुरक्षा को लेकर अपना रुख स्पष्ट करे और जनता को भरोसा दिलाए।**

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि अमेरिका और इज़राइल के सैन्य हमलों का प्रभाव हमारी सरहदों के करीब हिंद महासागर तक पहुंचना देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इतने महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर केंद्र की भाजपा सरकार की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उसकी यह खामोशी किस वजह से है। क्या इसे सामान्य चुप्पी माना जाए या फिर किसी दबाव अथवा भय के कारण सरकार बोलने से बच रही है। उन्होंने कहा कि जनता यह जानना चाहती है कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है जिसके कारण केंद्र सरकार इस विषय पर अपनी राय सार्वजनिक नहीं कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस तरह के संकटकाल में केंद्र सरकार को आगे आकर देश की जल, थल और वायु सीमाओं की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने चाहिए और देशवासियों को भरोसा दिलाना चाहिए कि उनकी सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के मौन रहने से लोगों में असमंजस और चिंता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपनी नाकामियों से ध्यान हटाने के लिए अक्सर अस्पष्ट नीतियों का सहारा लेती है ताकि जनता असल मुद्दों की बजाय अटकलों में उलझी रहे। उनका कहना था कि आगामी संसद सत्र में भी भाजपा किसी विवादित मुद्दे को उठाकर सरकार की विफलताओं से ध्यान भटकाने की कोशिश कर सकती है।

### यह एक अंतरराष्ट्रीय मुद्दा

सपा प्रमुख ने कहा कि यह एक अंतरराष्ट्रीय मुद्दा है और ऐसे मामलों में देश की सरकार, विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय की संयुक्त जिम्मेदारी बनती है कि वे देश के सामने स्थिति को स्पष्ट करें। लेकिन कई दिनों के इंतजार के बावजूद सरकार की ओर से कोई स्पष्ट बयान नहीं आया है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस चुप्पी के कारण विपक्ष को मजबूर होकर इस वैश्विक मुद्दे पर अपनी बात रखनी पड़ रही है।

एडीसीपी को गोद में उठा लाए, घूंघट में महिलाएं 'गोली चल जावेगी' गाने पर थिरकीं

# लखनऊ कमिश्नर राजा बनकर बग्घी पर निकले

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ में आज, गुरुवार को पुलिस की होली खेली गई। सभी थानों-चौकियों रंग-गुलाल उड़े। पुलिसवालों ने डीजे की धुन पर डांस किया। एक-दूसरे को गुलाल और रंग लगाकर होली शुभकामना दी। हजरतगंज कोतवाली से पुलिस लाइन तक शोभा यात्रा निकाली गई।

महिला पुलिसकर्मियों ने विंटेज कार में सवार होकर डांस किया। महिला-पुरूष पुलिसकर्मी गोली चल जावेगीहरियाणवी गाने पर डांस करते हुए शोभा यात्रा में शामिल हुए। गुलाल के पटाखे फोड़े गए। पुलिस कमिश्ननर अमरेंद्र सिंह सेंगर और ज्वाइंट सीपी बबलू कुमार को माला, टोपी और काला चश्मा पहनाकर पुलिसकर्मियों ने बग्घी में बैठाया। दोनों अफसर बग्घी पर बैठकर होली खेलने निकले। पुलिसकर्मियों ने कमिश्नर पर बाल्टी भर-भरकर कर रंग डाला। फूलों वर्षा की। महिला-कर्मियों पर जमकर रंगों की बौछार की गई।

> हजरतगंज कोतवाली में पुलिसकर्मी जमकर होली खेल रहे हैं। इसके पहले यहां से पुलिस लाइन तक शोभा यात्रा निकाली गई थी। पुलिसकर्मी उसमें शामिल हुए। उसके बाद अब कोतवाली में होली खेल रहे हैं।



### मुंह पर मुखौटा लगाकर निकले

तमाम पुलिसकर्मी मुंह पर भूत वाला मुखौटा लगा कर जुलूस में शामिल हुए। उनके साथ एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल और एसीपी महानगर अंकित कुमार भी मौजूद हैं। पुलिसकर्मी एडीसीपी जितेंद्र कुमार को गोद में उठाकर जुलूस में ले आए। चिनहट थाने में पुलिसकर्मियों ने कपड़ा फाड़ होली मनाई। राजस्थानी-हरियाणवी गानों पर जमकर झूमे।

# केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगा महिला स्मिता लीग आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च 2026 को लखनऊ में ASMITA लीग के अंतर्गत महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के निर्देशन में के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित होगा।

कार्यक्रम का आयोजन National Centre of Excellence–SAI, लखनऊ के हॉकी कोच ऋषि कुमार तथा उपनि-देशक, मेरा युवा भारत के समन्वय से किया जाएगा।

ASMITA (Achieving Sports Milestone by Inspiring Women Through Action) लीग का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा खेलों में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग— अंडर-13, 13-18 वर्ष एवं 18 वर्ष से अधिक में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस प्रकार कुल 9 दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों के लिए एक एंगेजमेंट गतिविधि (जैसे रस्सा-कसी प्रतियोगिता) भी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। अधिक से अधिक महिला प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए शिक्षा विभाग, आईटीआई अलीगंज, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उच्च शिक्षा विभाग, एनएसएस, एनसीसी एवं भारत स्काउट एवं गाइड का सहयोग लिया जाएगा।

कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा सुविधाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एम्बुलेंस एवं चिकित्सक दल की तैनाती की जाएगी तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा। प्रतियोगिता के तकनीकी संचालन हेतु क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी द्वारा रेफरी एवं कोच तैनात किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं खेल संस्थानों से अपील की है कि अधिक से अधिक बालिकाएं एवं महिलाएं ASMITA पोर्टल पर पंजीकरण कर इस प्रतियोगिता में भाग लें और महिला सशक्तिकरण के इस अभियान को सफल बनाएं।

# भीषण हादसा : ससुर-दामाद की मौत बेटी गंभीर घायल

## बुलेट से आमने-सामने की टक्कर में एसयूवी चकनाचूर

तमसा संकेत, एजेंसी


सुशील कुमार
मुन्नी लाल

मोहनलालगंज । लखनऊ में भीषण सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि महिला की हालत गंभीर है। एसयूवी और बाइक में आमने-सामने की टक्कर हुई है। हादसा इतना भयानक था कि बुलेट कार के इंजन में घुस गई। आगे से कार चकनाचूर हो गई। बाइक सवार ससुर और दामाद ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बेटी खून से लथपथ सड़क पर पड़ी रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को पास के प्राइवेट अस्पताल भेजा, जहां उसका इलाज चल रहा है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। घटना गुरुवार डेढ़ बजे सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के किसान पथ की है।

मृतक की पहचान मोहनलालगंज के गोपाल खेड़ा निवासी सुशील कुमार (46) और उनके ससुर मुन्नी लाल (62) के रूप में हुई। सुशील की पत्नी गंभीर घायल है। तीनों बाइक से एक रिश्तेदार के घर जा रहे थे। किसान पथ पर पहुंचने पर एक तेज रफ्तार एसयूवी से उनकी आमने-सामने की टक्कर हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कुछ समय के लिए ट्रैफिक रुक गया। सूचना ने क्रेन से गाड़ी को हटाकर ट्रैफिक खुलवाया।

पूछताछ : बोला- रिवॉल्वर चेक करते वक्त गोली चल गई, दोस्त के माथे पर लगी, वो मर गया

# बाल सुधार-गृह गया पूर्व एमएलसी का भतीजा

तमसा संकेत, एजेंसी


उनैज, मृतक

लखनऊ । लखनऊ में 13 साल के छात्र की गोली लगने से मौत मामले में पूर्व बसपा MLC के भतीजे को बुधवार को बाल सुधार गृह भेज दिया गया। आरोपी किशोर ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह अपने पिता की रिवाल्वर चेक कर रहा था। इस दौरान गलती से गोली चल गई, जिससे दोस्त उनैज की मौत हो गई।

एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया- किशोर ने गलती से गोली चलने की बात कबूल ली है। CCTV में घटना से पहले किशोर अकेले ही गाड़ी से रिवाल्वर लेकर जाते दिख रहा है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। उसके बाद ही कुछ और कहा जा सकता है।

सरोजनीनगर के बेहसा गांव में रहने वाले जमीर खान इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाते हैं। उनका बेटा उनैज स्टेलामेरी स्कूल में 7वीं कक्षा में पढ़ता था। जमीर ने बताया था- कृष्णानगर में बालाजी कॉम्प्लेक्स में रहने वाले बिजनेसमैन संजीव त्रिपाठी के यहां सोमवार को बर्थडे पार्टी थी। संजीव का बेटा अपने दोस्त के साथ मेरे घर पहुंचा। बेटे को साथ ले जाने लगा तो मैंने मना कर दिया। लेकिन, लड़के जबरदस्ती उनैज को लेकर चले गए। बेटा भी दोस्ती के नाते चला गया।

सोमवार शाम 7:30 बजे आरोपी के पिता संजीव त्रिपाठी ने मुझे वॉट्सऐप पर फोन किया। मेरे बड़े बेटे उसैद ने फोन उठाया था। संजीव ने फोन पर कहा था- तुम्हारा भाई लोकबंधु में है, तुरंत अस्पताल आ जाओ।



### पूर्व एमएलसी हैं आरोपी के चाचा

आरोपी छात्र के चाचा अरविंद कुमार त्रिपाठी उर्फ गुड्डु त्रिपाठी बसपा से MLC रह चुके हैं। जिन्होंने बाद में भाजपा ज्वाइन कर ली थी। जमीर खान का आरोप है कि गोली गलती से नहीं लगी, बीच माथे पर सटाकर मारी गई है। इसके लिए कुछ लोगों ने मेरे बच्चे के हाथ-पैर भी पकड़े होंगे। आरोपी के पिता संजीव त्रिपाठी ने पेरेंट्स-टीचर मीटिंग में मुझे देख लेने की धमकी भी दी थी।

### 'अगर गोली हमारे बेटे से चली होती तो अब तक बुलडोजर चल जाता'

पोस्टमॉर्टम के बाद मंगलवार को शव घर पहुंचा था। जमीर से मिलने वालों का तांता लग गया। सभी लोग उसे ढांढस बंधाने में लगे थे। इस दौरान कई बार लोगों का पुलिस के खिलाफ आक्रोश भी देखने को मिला था। लोगों ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए थे। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा और इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह ने पिता जमीर से बात कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। बातचीत में जमीर ने एसीपी से कहा था- मान लिया कार्रवाई में दो दिन लगेंगे। लेकिन, अगर यही अपोजिट होता। यही गोली मेरे बच्चे से उनके बच्चे को लगी होती तो पुलिस होती, झंडे होते, बुलडोजर होता और मेरा घर होता। पुलिस का डंडा हमारे सारे रिश्तेदार और मोहल्लेवालों पर चल गया होता।

### गौशाला प्रकरण में बड़ी कार्रवाई, सोशल मीडिया पर वायरल खबर के बाद जांच, जिलाधिकारी ने दिए अंतिम जांच के आदेश

# ग्राम प्रधान की प्रशासनिक व वित्तीय शक्तियां रोकी गईं

**कार्रवाई**

बृजेंद्र वीर सिंह



अम्बेडकरनगर । जिले के भीटी विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जैतपुर खास की गौशाला से जुड़े प्रकरण में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जांच रिपोर्ट के आधार पर ग्राम प्रधान की प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियों पर रोक लगा दी है। साथ ही मामले की अंतिम जांच कराने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा 95(1)(छ) के अंतर्गत प्रकरण की अंतिम जांच कराने के निर्देश दिए हैं। अंतिम जांच पूरी होने तक ग्राम पंचायत जैतपुर खास, विकास खंड भीटी के ग्राम प्रधान की प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियों पर रोक लगा दी गई है। प्रशासनिक आदेश के अनुसार यह रोक जांच प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान ग्राम पंचायत के प्रशासनिक कार्य नियमानुसार संचालित किए जाएंगे। मामले की अंतिम जांच के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया गया है। उन्हें पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच अधिकारी गौशाला के संचालन, गोवंश के संरक्षण, रख-रखाव और मृत पशुओं के निस्तारण से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल करेंगे। इसके साथ ही संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका भी जांच के दायरे में रहेगी।

#### सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद हुई जांच

मामला तब सामने आया जब 29 जनवरी को सोशल मीडिया पर गौशाला से संबंधित एक समाचार तेजी से वायरल हुआ। खबर में गौशाला में संरक्षित गोवंश के साथ अमानवीय व्यवहार तथा गोवंश की मृत्यु का आरोप लगाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल जांच के निर्देश दिए।

#### ग्राम प्रधान से मांगा गया स्पष्टीकरण

जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन की ओर से ग्राम प्रधान से स्पष्टीकरण भी मांगा गया। ग्राम प्रधान द्वारा प्रस्तुत जवाब का परीक्षण करने के बाद जिलाधिकारी ने आगे की कार्रवाई के आदेश जारी किए।

प्रशासन के अनुसार प्रस्तुत स्पष्टीकरण के परीक्षण के बाद मामले में अंतिम जांच कराए जाने की आवश्यकता महसूस की गई। इसी के आधार पर आगे की कार्रवाई करते हुए पंचायत राज अधिनियम के तहत प्रक्रिया शुरू की गई।

#### जांच में लापरवाही के संकेत

संयुक्त जांच टीम द्वारा प्रस्तुत आख्या में गौशाला प्रबंधन में लापरवाही के संकेत सामने आए। रिपोर्ट में बताया गया कि गौशाला में मृत गोवंश के उचित निस्तारण में लापरवाही बरती गई थी। इसके अलावा संबंधित दिशा-निर्देशों के पालन में भी कमी पाई गई।

जांच रिपोर्ट के अनुसार, गौशाला संचालन से जुड़े कई आवश्यक मानकों का पालन पूरी तरह नहीं किया गया था। प्रशासन ने इन बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए आगे की कार्रवाई का निर्णय लिया।

> जिलाधिकारी के आदेश पर जिला विकास अधिकारी और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से प्रकरण की जांच कराई गई। जांच के दौरान गौशाला की स्थिति, गोवंश के रख-रखाव और मृत गोवंश के निस्तारण से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की गई।

# 15 मार्च के कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान

### बूथ और पोलिंग स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर

■ आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन मजबूत बनाने का रणनीतिक निर्णय

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर । कटेहरी बाजार में बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक बृहस्पतिवार को आयोजित की गई। बैठक में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आगामी 15 मार्च को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।

बसपा के अयोध्या मंडल जोन प्रभारी दिलीप कुमार विमल ने कहा कि 15 मार्च को बामसेफ और बहुजन समाज पार्टी के जन्मदाता कांशीराम के 92वें जन्मदिन के अवसर पर लखनऊ के मान्यवर कांशीराम स्मारक स्थल, पुरानी जेल रोड पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान तेज करें और सेक्टर एवं पोलिंग बूथ स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएं।

दिलीप कुमार विमल ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संकल्प लेने की अपील की कि प्रदेश में पांचवीं बार बहुजन समाज पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बननी चाहिए। जिला कोषाध्यक्ष अकरम इदरीसी ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की ताकत है। इसके लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ानी होगी और प्रत्येक कार्यकर्ता को क्षेत्र में लोगों तक पार्टी के संदेश को पहुंचाने का प्रयास करना होगा। बैठक में राधेश्याम राजभर, जंग बहादुर गुड्डू, रामबहोर राव, कुलदीप तिवारी, सियाराम भारती, आदिल बेग, अजय पटेल, सभा जीत, अनवर अली, जय प्रकाश भारती, मोहम्मद फारूक, रामलाल राजभर सहित अन्य कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे। सभी ने आगामी कार्यक्रमों में भागीदारी और बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर सहमति जताई।

**फास्ट न्यूज**

#### छह से आठ मार्च तक फिट इंडिया महिला सप्ताह का आयोजन

अंबेडकरनगर । छह से आठ मार्च तक फिट इंडिया महिला सप्ताह 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम खेल निदेशालय के तत्वावधान में और भारतीय खेल प्राधिकरण के समन्वय से जिले में आयोजित होगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। जिले में एथलेटिक्स खेल के खेलो इंडिया सेंटर के माध्यम से तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

#### पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता गोपी नाथ वर्मा का निधन

अम्बेडकरनगर । समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री और टांडा के पूर्व विधायक गोपी नाथ वर्मा का मंगलवार देर रात निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में शोक की लहर फैल गई है। गोपी नाथ वर्मा ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत जनता पार्टी से की थी। 1980 में उन्होंने टांडा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और मात्र 52 वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत हासिल कर विधायक बने। बाद में वे समाजवादी विचारधारा से जुड़े और समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए।

#### पुंथर झील पर अवैध कब्जे का मामला गरमाया

अम्बेडकरनगर । टांडा क्षेत्र स्थित पुंथर झील पर अवैध कब्जे और कूड़ा डलवाने का मामला चर्चा में आ गया है। सूत्रों के अनुसार झील की जमीन पर कब्जा कर एक व्यक्ति द्वारा कमरा बना लिया गया है। इसके साथ ही उसी स्थान और झील के आसपास नगर पालिका का कूड़ा डाले जाने की बात भी सामने आ रही है।

# एकलव्य स्टेडियम में 300 खिलाड़ी कर रहे अभ्यास

### फुटबॉल-बास्केटबॉल व टेनिस में कोच की कमी

तमसा संकेत, संवाददाता



■ कोच न होने से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण में आ रही दिक्कत

अम्बेडकरनगर । अकबरपुर स्थित राजकीय एकलव्य स्टेडियम में लगभग 300 खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अभ्यास कर रहे हैं। स्टेडियम में कई खेलों की सुविधाएं उपलब्ध हैं और यहां से कई खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं। हालांकि फुटबॉल, बास्केटबॉल और टेनिस जैसे खेलों के लिए कोच की तैनाती न होने से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अकबरपुर में लगभग दो दशक पहले राजकीय खेल स्टेडियम का निर्माण कराया गया था। इसका उद्देश्य जिले के खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना और स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देना था। शुरुआत में कुछ कमियां थीं, लेकिन समय के साथ स्टेडियम की सुविधाओं में सुधार किया गया।

वर्तमान समय में स्टेडियम से करीब 300 खिलाड़ी जुड़े हुए हैं। हॉकी में लगभग 80 खिलाड़ी पंजीकृत हैं, जिनमें से कई खिलाड़ियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जिले का प्रतिनिधित्व किया है। इसके अलावा बैडमिंटन में 50 से अधिक खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर रहे हैं। तैराकी और जूडो में भी खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

# बोनट से गिरे किसान की ट्रैक्टर ट्रॉली ने कुचला, मौके पर मौत

### भीटी के बेला महमूदपुर निवासी राम आशीष विश्वकर्मा की सड़क हादसे में मौत

तमसा संकेत, संवाददाता




अम्बेडकरनगर । भीटी क्षेत्र में एक किसान सड़क हादसे का शिकार हो गया। राम आशीष विश्वकर्मा, जो बेला महमूदपुर गांव के निवासी थे, ट्रैक्टर-ट्रॉली के बोनट से गिरकर ट्रॉली के पहिए के नीचे आ गए। उन्हें तत्काल चिकित्सकीय मदद के लिए कटेहरी सीएचसी ले जाया गया, लेकिन चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार राम आशीष विश्वकर्मा घर पर खेती-किसानी करते थे। सोमवार को दोपहर वह भाड़े की ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गन्ना लादकर मिझौड़ा स्थित अकबरपुर चीनी मिल बेचने गए थे। ट्रैक्टर उनके गांव का अंकित चला रहा था।

रात करीब ढाई बजे गन्ना बेचकर घर लौटते समय राम आशीष ट्रैक्टर के बोनट पर बैठे थे। रात करीब सवा तीन बजे ट्रैक्टर मिझौड़ा-महरुआ मार्ग पर प्रतापीपुर गांव के पास भगवानपट्टी मोड़ पर पहुंचा। इसी दौरान राम आशीष को अचानक झपकी आ गई। असंतुलित होकर वह बोनट से नीचे गिर गए और ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया उनके ऊपर चढ़ गया।

पास के लोगों और एम्बुलेंसकर्मियों की मदद से चालक उन्हें कटेहरी सीएचसी ले गया। चिकित्सक ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही अहिरौली पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पंचनामा दर्ज किया। थानाध्यक्ष बीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों की तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल बन गया। किसान की अचानक मौत से परिवार और ग्रामीण स्तब्ध हैं। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी है और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षा उपायों को भी सख्ती से लागू किया जाएगा।

# पुलिस लाइन और थानों में रंग गुलाल के साथ मनाया उत्सव

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर । होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद पुलिस विभाग ने पुलिस लाइन सहित जनपद के विभिन्न थानों में 'पुलिस की होली' मनाई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। पुलिस लाइन परिसर में डीजे की धुन पर पुलिसकर्मी नृत्य करते नजर आए।

गुरुवार सुबह से ही पुलिस लाइन में होली समारोह की तैयारियां शुरू हो गई थीं। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्याम देव और अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) हरेंद्र कुमार पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के आवास पर पहुंचे। वहां सभी ने पुलिस अधीक्षक को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों ने जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के आवास पहुंचकर उन्हें अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अधिकारियों के बीच होली का उत्सव पारंपरिक तरीके से मनाया गया। पुलिस अधीक्षक ने जिले में होली पर्व को शांतिपूर्ण और सकुशल ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी और अनुशासन के कारण जनपद में होली का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को आगे भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करने के लिए प्रेरित किया।

समारोह के दौरान पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की खुशियां साझा कीं।

### अकबरपुर थाना क्षेत्र के मोहसिनपुर मंसूरपुर गांव की घटना, पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया

# होली के दिन पारिवारिक विवाद में बुजुर्ग की मौत

■ गंभीर चोट लगने से बिगड़ी हालत
■ वीडियो सामने आने की चर्चा
■ सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस
■ गांव में चर्चा का विषय बनी घटना

तमसा संकेत, संवाददाता

#### पैसे को लेकर पति-पत्नी में हुआ विवाद

पुलिस के अनुसार मोहसिनपुर मंसूरपुर गांव निवासी करीब 75 वर्षीय हौसिला प्रसाद अपनी पत्नी के साथ घर में रहते थे। होली के दिन वह शराब के नशे में थे और पत्नी से पैसे मांग रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। आरोप है कि गुस्से में आकर पत्नी ने डंडे से हौसिला प्रसाद की पिटाई कर दी।



अम्बेडकरनगर । अकबरपुर थाना क्षेत्र में होली के दिन पारिवारिक विवाद के दौरान एक बुजुर्ग की मौत हो गई। आरोप है कि पत्नी ने डंडे से पिटाई कर दी, जिससे गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग ने कुछ ही देर में दम तोड़ दिया। घटना के बाद गांव में हलचल मच गई। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

ग्रामीणों के अनुसार घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पिटाई की घटना दिखाई देने की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस द्वारा वीडियो की जांच की जा रही है।

घटना की सूचना मिलने के बाद अकबरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति की जानकारी ली। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी के अनुसार शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। होली के दिन हुई इस घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

> पिटाई के दौरान बुजुर्ग को गंभीर चोट लग गई। परिजनों और आसपास के लोगों के अनुसार चोट लगने के बाद उनकी हालत अचानक बिगड़ गई। कुछ ही देर बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई।

# आग की चपेट में आईं तीन गुमटी दुकानें आग बुझाते समय उपनिरीक्षक घायल

### रामनगर रोड के न्यौरी चौराहे की घटना, लाखों का सामान जलकर नष्ट

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर । कटका थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर रामनगर रोड स्थित न्यौरी चौराहे पर अज्ञात कारणों से लगी आग में तीन गुमटी नुमा दुकानें जलकर खाक हो गईं। आग बुझाने के दौरान टीनशेड गिरने से अमड़ी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रमेन्द्र प्रताप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक दुकानों में रखा अधिकांश सामान जल चुका था।

जानकारी के अनुसार, अमड़ी गांव निवासी लाल चंद यादव की इलेक्ट्रॉनिक व मोबाइल रिपेयर की दुकान में अचानक आग लग गई। उस समय दुकान में रिपेयर के लिए रखे बिजली के पंखे और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मौजूद थे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और बगल में स्थित सैलून संचालक मो. साजिद तथा विनोद कुमार की गुमटी नुमा दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

घटना के दौरान आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलने पर कटका थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी दौरान आग को आगे फैलने से रोकने के लिए उपनिरीक्षक प्रमेन्द्र प्रताप सिंह ने बगल की गुमटी को हटाने का प्रयास किया। इसी दौरान अचानक ऊपर लगा टीनशेड उनके सिर पर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल उपनिरीक्षक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। घटना के दौरान मौजूद लोगों ने आग पर नियंत्रण पाने के लिए लगातार प्रयास जारी रखा। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से काफी देर तक चले प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक तीनों दुकानों में रखा सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुका था।

# पूर्व सभासद सुरेंद्र मांझी की निर्मम हत्या, टांडा में फैला भय

### पुलिस ने तीन विशेष जांच टीमों का गठन किया

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर । टांडा कोतवाली क्षेत्र के जनार्दनपुर गांव में होली की तैयारियों के बीच बीजेपी नेता और पूर्व सभासद सुरेंद्र मांझी की निर्मम हत्या ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। 3 मार्च की शाम हुई यह घटना अपराधियों की खुली चुनौती मानी जा रही है।

पुलिस के अनुसार नेहरू नगर टांडा निवासी 50 वर्षीय सुरेंद्र मांझी को किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर घर से बुलाया था। परिजनों ने बताया कि वह यह कहकर घर से निकले कि थोड़ी देर में लौट आएंगे, लेकिन कई घंटों तक उनका कोई पता नहीं चला। दोपहर बाद गांव के बाहर एक खेत में उनका खून से सना शव पड़ा मिला। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने देखा कि मृतक के गले पर धारदार हथियार से गहरा वार किया गया था। शरीर पर संघर्ष के निशान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे थे। खेत में फैला खून और बिखरे पैरों के निशान यह संकेत दे रहे हैं कि हत्या योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दी गई थी।

सुरेंद्र मांझी लकड़ी और फर्नीचर के कारोबार से जुड़े थे और स्थानीय राजनीति में उनका प्रभाव था। हत्या की खबर मिलते ही व्यापारियों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। व्यापारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कानून व्यवस्था को सख्त बनाने की मांग की।

पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन विशेष जांच टीमों का गठन किया है।

### उत्साह : 21 स्थानों से निकले जुलूस, ढोल-डीजे पर झूमे होलियार

# हर्षोल्लास के साथ मनी होली

तमसा संकेत, संवाददाता






अम्बेडकरनगर । रंगों का पर्व होली बुधवार को पूरे उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों में त्योहार का उत्साह देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और ढोल-नगाड़ों तथा डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया। जिले के विभिन्न कस्बों और गांवों में युवाओं की टोलियां जुलूस के रूप में निकलीं। जनपद में करीब 21 स्थानों से होली के जुलूस निकाले गए, जिनमें हजारों लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान लोग रंग-गुलाल उड़ाते हुए एक-दूसरे को बधाई देते नजर आए। होली के अवसर पर शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रही। तहसील तिराहा और पटेल तिराहा सहित कई स्थानों पर पुलिसकर्मी वाहन सवारों की चेकिंग करते नजर आए। पुलिस बल विभिन्न क्षेत्रों में तैनात रहा ताकि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे। होली के अवसर पर लोगों ने अपने घरों में पारंपरिक पकवान तैयार किए। गुजिया, पापड़ और विभिन्न प्रकार की मिठाइयां बनाई गईं। लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर मिठाइयों के साथ त्योहार की खुशियां साझा करते नजर आए।

#### महिलाओं की टोलियों ने भी खेली होली

शास्त्रीनगर क्षेत्र में महिलाओं की टोलियों ने भी पारंपरिक तरीके से होली मनाई। महिलाएं एक-दूसरे के घर पहुंचकर रंग-गुलाल के साथ होली खेलती नजर आईं। इस दौरान फगुआ गीतों की प्रस्तुति भी हुई।

महिलाओं की टोली में पूजा दुबे, बरखा तिवारी, पूजा सिंह और राजेश्वरी श्रीवास्तव ने फगुआ गीत गाते हुए नृत्य किया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक लोकगीतों के साथ होली का माहौल बना रहा।

#### शहर के प्रमुख मार्गों पर दिखा होली का उत्साह

अकबरपुर शहर में मंगलवार रात विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन किया गया। इसके बाद बुधवार सुबह से ही शहर के प्रमुख मार्गों पर होली का उत्साह दिखाई दिया। शहजादपुर, अयोध्या मार्ग, पटेल तिराहा और टांडा मार्ग पर होलियारों की टोलियां ढोल और डीजे पर बजते होली गीतों पर नाचते-गाते नजर आईं। कई स्थानों पर पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ भी होली का जश्न मनाया गया। रंग और गुलाल से सराबोर लोग एक-दूसरे को बधाई देते हुए त्योहार का आनंद लेते रहे।

# नवल जगत पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

तमसा संकेत, संवाददाता




■ छात्र-छात्राओं की प्रतिभा से गूंजा परिसर, बड़ी संख्या में पहुंचे अभिभावक

अम्बेडकरनगर । हजपुरा क्षेत्र स्थित लखनपुर में नवल जगत पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव सोमवार को उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में अभिभावकों, शिक्षकों और क्षेत्रीय नागरिकों की बड़ी संख्या मौजूद रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद् डॉ. अवधेश कुमार चौधरी और समाजसेवी हरिश्चंद्र वर्मा ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। विद्यालय के प्रबंधक महेश वर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए वार्षिकोत्सव की शुरुआत कराई। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, सांस्कृतिक झांकियां और सामाजिक संदेश आधारित नाट्य प्रस्तुत किए। विभिन्न कक्षाओं के छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

नन्हे कलाकारों के आत्मविश्वास और मंच संचालन ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। प्रस्तुतियों के दौरान दर्शकों ने तालियों से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा।

# सम्पादकीय

## कट्टरता से लड़ना इतना कठिन क्यों?



कट्टरता और विशेष रूप से मजहबी कट्टरता और कुरीतियों के खिलाफ लड़ना कभी भी आसान नहीं रहा। कट्टरता के खिलाफ लड़ाई लड़ने वालों को कई बार जान से भी हाथ धोना पड़ा है। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में रहने वाले सलीम अहमद इन दिनों जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं, क्योंकि पिछले दिनों उन पर प्राणघातक हमला हुआ। यह हमला इसलिए हुआ, क्योंकि सलीम मजहबी कट्टरता के खिलाफ खुलकर बोलते हैं और इस्लाम की उन मान्यताओं की आलोचना करते हैं, जो उनकी समझ से न तो आज के युग के अनुकूल हैं, न सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य हैं और न ही सह-अस्तित्व में सहायक हैं। इस्लाम का परित्याग करने के कारण सलीम अपने को एक्स मुस्लिम कहते हैं। वे नास्तिक सम्मेलनों का आयोजन करते रहे हैं और खुद को नास्तिक की तर्ज पर वास्तिक कहते हैं। वे अपना यूट्यूब चैनल चलाते हैं, जिसमें मजहबी कट्टरता और कुरीतियों से मुक्ति के उपायों पर चर्चा करते हैं। वे ऐसे एकलौते शख्स नहीं। दुनिया में खुद को एक्स मुस्लिम कहने वालों की कमी नहीं। इस्लामी देशों में भी एक्स मुस्लिम तेजी से बढ़ रहे हैं। यूरोप और अमेरिका में तो उनके संगठन बने हुए हैं और वे अपनी गतिविधियों को एक्स मुस्लिम मूवमेंट की संज्ञा देते हैं। यह आंदोलन भारत में भी दस्तक दे चुका है और केरल के एक्स मुस्लिमों यानी इस्लाम छोड़ चुके लोगों ने अपना संगठन बना रखा है। यह यही बताता है कि भारत में एक्स मुस्लिम मूवमेंट जोर पकड़ रहा है। भारत के साथ-साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश के भी कई एक्स मुस्लिम विदेश में सक्रिय हैं। इस्लामी देशों में सबसे अधिक एक्स मुस्लिम संभवतः ईरान में हैं। इसका कारण वहां हद से ज्यादा इस्लामी कट्टरता होना है। किसी भी समाज में जब मजहबी-पंथिक कट्टरता हद से अधिक बढ़ जाती है तो उससे आजिज आए लोग उसके खिलाफ आवाज उठाने लगते हैं। ऐसे कई लोग या तो नास्तिक बन जाते हैं या फिर एग्नास्टिक (अज्ञेयवादी) यानी ऐसे, जो इसे लेकर सुनिश्चित नहीं होते कि ईश्वर, अल्ला, गाड आदि है या नहीं? एक समय भारत में इक्का-दुक्का घोषित एक्स मुस्लिम थे, लेकिन आज उनकी गिनती करना कठिन है। इनमें से कई अपने यूट्यूब चैनल चलाते हैं और कभी-कभार सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी भागीदारी करते हैं। पहले वे अपनी पहचान और चेहरा छिपाकर रखते थे, लेकिन आज कई ऐसे हैं, जो इसकी आवश्यकता नहीं समझते। सलीम वास्तिक भी ऐसे लोगों में हैं। निःसंदेह अपनी पहचान उजागर कर मजहबी कट्टरता के खिलाफ बोलने वाले एक्स मुस्लिम कम ही हैं, क्योंकि उनकी सुरक्षा के लिए खतरा बना रहता है। उन्हें जान से मारने और सीधे तौर पर कहें तो सिर तन से जुदा करने की धमकियां मिलती रहती हैं। सलीम वास्तिक को भी ऐसी ही धमकियां मिल रही थीं, लेकिन वे धमकियों से डरने वाले लोगों में से नहीं थे। पहलगाम में मजहब पूछकर लोगों की हत्या के बाद सलीम अपने कुछ साथियों के साथ कश्मीर पहुंच गए थे। वहां वे मजहबी कट्टरता के खिलाफ अपनी बात तब तक बेबाकी से कहते रहे, जब तक कुछ कट्टरपंथियों की शिकायत पर पुलिस ने उन्हें शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार नहीं कर लिया। पुलिस ने उनका और उनके साथियों के यूट्यूब चैनल डिलीट कर दिए, लेकिन वहां से लौटने के बाद वे नए यूट्यूब चैनल के साथ फिर से अपने मिशन में लग गए। उन्हें फिर से धमकियां मिलने लगीं और पिछले शुक्रवार जीशान और गुलफाम नाम के दो भाइयों ने उनके घर जाकर धारदार हथियारों से उनका गला रेतने की कोशिश की। रमजान का महीना और शुक्रवार के दिन ही गला रेतने के कृत्य पर गौर करें। हमलावर पिस्टल से लैस थे, लेकिन उन्होंने सलीम का गला रेतना और उन्हें निशाना बनाने के लिए शुक्रवार का चयन करना आवश्यक समझा। इसलिए समझा, क्योंकि वे एक तो उन मजहबी मान्यताओं पर यकीन रखते थे कि इस्लाम छोड़ने वालों की सजा मौत है और दूसरे, वे पाकिस्तान में गूंजते रहने वाले इस खौफनाक नारे के असर में रहे-गुस्ताखे रसूल की एक ही सजा-सिर तन से जुदा। अब यह नारा भारत में जब-तब न केवल सुनाई देता है, बल्कि कुछ लोगों की ईशनिंदा यानी कथित गुस्ताखी में गला रेत कर हत्या भी की जा चुकी है, जैसे कमलेश तिवारी, कन्हैया लाल और उमेश कोल्हे। सलीम वास्तिक को निशाना बनाने वालों ने यह सोचा होगा कि उनकी यह खौफनाक हरकत देश के एक्स मुस्लिमों में भय पैदा करेगी और वे उनकी आवाज दबा देंगे, लेकिन अब होगा यह कि लोग और खासकर युवा मुस्लिम भी यह जानने के लिए उत्सुक होंगे कि आखिर सलीम वास्तिक क्या कहते थे और लोग एक्स मुस्लिम क्यों बन रहे हैं?



जगदीश मिश्र

# अपने भी गिरेबान में झांकना होगा

> उनको सच दिखाना पढ़ाना बताना आवश्यक है, क्योंकि आने वाले समय में नई पीढ़ी को ही इस सच्चाई का सामना करना और इससे पार पाना होगा। एक किताब के एक पाठ की विषय वस्तु पर मी लॉर्ड की बेचैनी बेतुकी और हैरान करने वाली है।

मीलॉर्ड लहूलुहान हो गए। इसलिए नहीं कि किसी ने खंजर मार दिया। दरअसल एन सी ई आर टी की एक किताब की कुछ पंक्तियां माननीय को खंजर जैसी महसूस हुईं और इसी खंजर की वजह से मीलॉर्ड लहू से लबरेज हो गए थे। वैसे देखने में तो बात कुछ भी नहीं लगती पर है बहुत बड़ी। जीजा से फूफा पहले ही बन चुके हैं अब फूफापना से भी वंचित किए जाने का संकट सामने है। यह सही है कि न्यायपालिका को अधिकार है कि वह किसी नेता, सांसद या विधायक अधिकारी अथवा कर्मचारी, व्यापारी या फिर विद्यार्थी या फिर शिक्षक, किसी को भी कुछ भी कह सकता है , लेकिन अगर कोई न्यायपालिका की किसी टिप्पणी अथवा व्यवस्था पर कुछ कहे तो उसको न्याय पालिका की अवमानना मान लिया जाता है। वास्तव में न्यायपालिका को सम्मान और सुरक्षा प्रदान किया जाना लोकतंत्र की बुनियादी शर्त है। जब सिर पर असुरक्षा की तलवार लटक रही हो तब भी न्यायालय से निष्पक्षता और न्याय की उम्मीद करना ज्यादती नहीं तो और क्या है? आखिर जिन तथ्यों और तर्कों के आलोक में अपराधी को जमानत तक नहीं मिल पाती वही तथ्य और तर्क अपराधी की दोष मुक्ति का आधार कैसे बन सकते हैं? घर में नोटों का अंबार मिलता है तो मिलने दो। कौन सा पहाड़ टूट पड़ा? ट्रांसफर कर दिया गया, बहुत है। चैप्टर क्लोज कीजिए। अगर अब इसकी चर्चा हुई तो फिर अदालत को मजबूर होकर कड़ा कदम उठाना पड़ेगा। छोटी हो या बड़ी, ऊपरी या निचली हर अदालत कक्ष में माननीय की उपस्थिति में महज 2-3 मीटर की दूरी पर सुविधा शुल्क या फिर कहें तो शुक्राना का खुले आम लेन-देन जिसे दिखता न हो, उसका किसी को ईमानदारी और नैतिकता का भाषण देना शोभा देता है क्या? पुल, सड़क बनने से लेकर हर कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा करना कार्यदायी



संस्था की जिम्मेदारी होती है जिसे पूरा न करने की स्थिति में जुर्माना से लेकर काली-सूची में डालने तक का प्रावधान होता है। फिर ऐसा कुछ न्याय पालिका के सन्दर्भ में क्यों नहीं? देश भर से आंकड़े एकत्र कर देखा जा सकता है, जितने केस न्यायालयों में लंबे समय से विचाराधीन हैं उतनी फाइलें शायद ही किसी दूसरे विभाग में अंडर प्रोसेस या पेंडिंग हों।न्याय में विलंब न्याय से इंकार माना जाना है। (Justice delayed is Justice denied.) एक पुस्तक में की गई कोई टिप्पणी उतना लहूलुहान नहीं करती जितना तीन-चार दशक बाद मिला न्याय शरीर और मन को लहू लुहान करता है। आंख बंद कर लेने से सच्चाई नहीं बदलेगी।आज के विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। उनको सच दिखाना पढ़ाना बताना आवश्यक है, क्योंकि आने वाले समय में नई पीढ़ी को ही इस सच्चाई का सामना करना और इससे पार पाना होगा। एक किताब के एक पाठ की विषय वस्तु पर मी लॉर्ड की बेचैनी बेतुकी और हैरान करने वाली है। वास्तव में तो न्याय पालिका को शुक्रगुजार होना चाहिए एन सी ई आर टी का जिसने संपूर्ण न्याय व्यवस्था को आत्मविश्लेषण और आत्मावलोकन का अनायास ही एक अवसर प्रदान किया है।

## नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना तय हो गया



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना लगभग तय है। वे आज गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राज्यसभा चुनाव नामांकन भरेंगे। नीतीश कुमार आज अपने समर्थकों के साथ सुबह करीब साढ़े 11 बजे बिहार विधानसभा पहुंचेंगे, जहां वे नामांकन भरकर चुनाव संबंधी औपचारिकताएं पूरी करेंगे। सवाल यह उठता है कि क्या यह सब विधानसभा के चुनाव से पहले से ही तय था यां बाद में हालत बदले । यह यक्ष प्रश्न ऐसा है कि जैसे कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा जिसका उत्तर आज तक खोजे नहीं मिला है । बताया जाता है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में जीत के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के सीएम बनाने की चर्चा थी। भाजपा नहीं बना सकी। उसने कहा कि नीतीश कुमार के नाम पर चुनाव लड़ा, वही बनेंगे। नीतीश की चाहत नहीं थी, फिर भी बने। अनबन अंदर-अदर चली। नतीजा कि नीतीश कुमार निकल कर महागठबंधन के सीएम बन गए। वहां गए तो चर्चा निकली कि नीतीश तेजस्वी यादव को कुछ दिन में अपनी कुर्सी दे देंगे। यहां भी असहज हुए तो वापस भाजपा के साथ आ गए। उन्हें दिन-रात धोने वाले भाजपाई फिर नीतीश के पीछे हो गए। फिर राष्ट्रपति चुनाव आया तो नीतीश का नाम उछाला गया। उप राष्ट्रपति चुनाव आया तो नाम उछाला गया। लोकसभा चुनाव में शांति रही, क्योंकि इससे नीतीश भड़क सकते थे। विधानसभा चुनाव में भी उसी तरह का माहौल रहा। अब जैसे ही सबकुछ ठीक हुआ और राज्यसभा चुनाव आया तो उनके राज्यसभा सांसद बनने की बात उछाली गई। क्या यह संभव है? नहीं तो क्यों? होलिका दहन की शाम से नीतीश कुमार के बेटे निशांत को राज्यसभा भेजने की चर्चा उठाई गई। यह शुरुआत थी। जबकि, हकीकत यह है कि अब तक नीतीश की छवि परिवारवादी नहीं रही है। कहा गया कि नीतीश पार्टी की कमान निशांत को देंगे, इसलिए राज्यसभा भेजेंगे। और, अगर बिहार की राजनीति करानी होगी तो विधान परिषद् में उतारेंगे। वह चर्चा होली के दिन थम गई। नई बात निकली कि नीतीश कुमार अब राज्यसभा जाएंगे। एक सांसद बनकर रिटायर होंगे, क्योंकि वह अपने बेटे को बिहार का उप मुख्यमंत्री बनाने के लिए तैयार हो गए हैं और मुख्यमंत्री की कुर्सी भाजपा के खाते में छोड़ देंगे। लेकिन, सच यह है कि जब-जब इस तरह की बात अंदरूनी राजनीति में उठी है तो नीतीश कुमार की जगह भाजपा को ही नुकसान हुआ है। दबाव की राजनीति से तंग आकर दो बार नीतीश भाजपा का साथ छोड़ महागठबंधन में जा चुके हैं और उसी तरह दोनों ही बार दबाव से ही परेशान होकर भाजपा के साथ आ चुके हैं। जब राष्ट्रपति या उप राष्ट्रपति के लिए उनका नाम उड़ाया गया था तो भी मीडिया ने इसका खंडन किया था।

**अशोक भाटिया**

कुछ लोग इसे...

अमरपाल सिंह वर्मा

# अदालत में सख्ती, समाज से संवादः न्याय पालिका की बदलती छवि

हमारे देश में न्यायपालिका की पहचान लंबे समय तक आम जन से एक निश्चित दूरी से निर्मित होती रही है। जब एक न्यायाधीश के जीवन की कल्पना करते हैं तो उनके अदालत तक सीमित होने, सामाजिक आयोजनों से लगभग अनुपस्थित और आम नागरिकों से औपचारिक दूरी बनाकर रहने की तस्वीर उभरती है। यह दूरी किसी व्यक्तिगत अहंकार का नहीं बल्कि एक सुविचारित न्यायिक परंपरा का हिस्सा रही है। माना जाता रहा है कि जज जितना कम दिखेगा, उसका फैसला उतना ही निष्पक्ष रहेगा। जितना कम बोलेगा, उतनी ही स्पष्टता से वह न्याय मांगती आवाजों को सुनेगा लेकिन समय के साथ यह धारणा बदल रही है। वर्तमान में राजस्थान के धौलपुर में पदस्थ जिला न्यायाधीश संजीव मागो इस बदलती तस्वीर के फ्रेम में एक ठोस उदाहरण के रूप में नजर आते हैं। उनकी अदालत से आए निर्णय यह स्पष्ट करते हैं कि न्यायिक अनुशासन, सख्ती और कानून के अनुपालन में कोई ढील नहीं है। जहां दोष सिद्ध हुआ, वहां सजा भी उसी अनुपात में दी गई चाहे वह अल्पावधि की सजा हो या कठोरतम दंड। अदालत के भीतर उनका व्यक्तित्व उसी पारंपरिक न्यायिक कसौटी पर खरा उतरता है जिसकी समाज अपेक्षा करता है लेकिन अदालत के बाहर वही न्यायाधीश एक अलग ही दृश्य रचते नजर आते हैं। सुबह स्टेडियम में आम लोगों के साथ दौड़ लगाते हुए कभी युवाओं के साथ, कभी बच्चों के बीच। फिटनेस को जीवन का सहज हिस्सा बनाते हुए, बिना किसी औपचारिकता के। मंच पर बैठकर हार्मोनियम के साथ शास्त्रीय गायन, शेर-ओ-शायरी, गजलों की भावपूर्ण प्रस्तुति और कभी-कभी नृत्य के दृश्य, जो सार्वजनिक मंचों और सोशल मीडिया पर दिखाई देते हैं। यह सब जजों





की उस पारंपरिक छवि से मेल नहीं खाता जिसमें जज को गंभीर, मौन और लगभग अदृश्य माना गया है। सवाल यह नहीं है कि कोई न्यायाधीश गाता है, दौड़ता है या नृत्य करता है बल्कि यह है कि क्या न्यायपालिका की गरिमा केवल दूरी से ही सुरक्षित रह सकती है या फिर वह संयमित सार्वजनिक उपस्थिति के साथ भी कायम रह सकती है? अब तक न्यायाधीशों को यही इशारा मिलता रहा है कि वे सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाए रखें, आम लोगों के साथ संपर्क को सीमित रखें और सार्वजनिक मंचों पर न्यूनतम नजर आएं। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार के पक्षपात, अपेक्षा या दबाव की संभावना को कम से कम करना ही था। माना जाता था कि जज भी आखिर इंसान ही हैं और यदि वह आम लोगों के साथ ज्यादा घुले-मिलेंगे, दोस्ताना संबंध बनाएंगे तो कभी इसकी कीमत न्याय को चुकानी पड़ सकती है। इसी वजह से पिछले कई दशकों में हमने जजों को कभी जन संलिप्त भाव में नहीं देखा लेकिन बदलते सामाजिक परिदृश्य में सवाल उठता है कि अगर संलिप्त न होने से यदि निष्पक्ष रहने में मदद मिलती है तो क्या जरूरत से निर्लिप्तता न्यायपालिका को समाज से दूर नहीं कर देती? वर्तमान में भले ही अदालतें आम जन के लिए न्याय पाने का आखिरी सहारा हैं लेकिन एक मायने में अदालतों में तारीख-दर-तारीख, कठिन भाषा और न्याय की धीमी गति आम नागरिक के लिए पैसे और समय की फिजूलखर्ची का प्रतीक भी बन चुकी है। ऐसे में यदि कोई न्यायाधीश अपने सार्वजनिक आचरण से यह संकेत देता है कि वह समाज से कटा हुआ नहीं है तो क्या उसे न्याय पालिका के हितों के विरुद्ध माना जाए? जज संजीव मागो की सार्वजनिक छवि इसी प्रश्न को जन्म देती है। वह न केवल सार्वजनिक रूप से बल्कि सोशल मीडिया पर भी बराबर सक्रिय हैं। इससे उनकी पहचान उनके निर्णयों से कम और उनके आचरण से अधिक बनती दिखाई देती है। यह उस व्यक्ति की सामाजिक स्वीकृति है जो कठोर न्यायिक फैसले लेने के बावजूद मानवीय और रचनात्मक जीवन जीता है। एक जज का यह बदलाव सभी को सहज लगे, यह आवश्यक नहीं है। कुछ लोग इसे न्यायिक मर्यादा की पारंपरिक सीमाओं का अतिक्रमण मान सकते हैं तो कुछ इसे नई न्याय पालिका के आत्म विश्वास का संकेत भी समझ सकते हैं। यानी एक ऐसी संस्था, जो अब समाज से संवाद करने से नहीं हिचकती है। संवाद समाज को समझने का माध्यम है जबकि हस्तक्षेप यकीनन न्याय को प्रभावित कर सकता है। यदि कोई न्यायाधीश सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहते हुए भी अपने निर्णयों में पूरी तरह निष्पक्ष और कठोर बना रहता है तो इसे विरोधाभास नहीं बल्कि संतुलन का उदाहरण ही कहा जाएगा। जज संजीव मागो का सार्वजनिक आचरण यह सोचने के लिए बाध्य करता है कि क्या न्यायपालिका को केवल एक निर्जीव संस्था के रूप में ही देखा जाना चाहिए या फिर उसे संवेदनशील, अनुशासित और सामाजिक यथार्थ से जुड़ा हुआ भी स्वीकार किया जा सकता है?

इस फिल्म...

सुभाष शिरढोनकर

# पॉपुलर हो रही है शाहिद कपूर-रश्मिका मंदाना की जोड़ी



हिंदी सिने जगत के हैंडसम हंक कहलाने वाले एक्टर शाहिद कपूर उन मोस्ट टैलेंटेड एक्टर्स में से एक हैं जिन्हें फैंस दिलो-जान से पसंद करते हैं। अपनी चार्मिंग पर्सनैलिटी से वो ऑडियंस को हमेशा इंप्रेस करते रहे हैं। शाहिद कपूर पहली बार, म्यूजिक वीडियो 'आंखों में तेरा ही चेहरा' (1999) में ऋषिता भट्ट के साथ नजर आए थे। उसके बाद निर्माता निर्देश सुभाष घई ने उन्हें ऐश्वर्या राय, अनिल कपूर और अक्षय खन्ना स्टॉरर 'ताल' (1999) के एक छोटे किरदार में सिल्वर स्क्रीन पर आने का अवसर दिया। एक स्टार सन होने के बावजूद शुरूआती काम हासिल करने के लिए शाहिद कपूर ने इतनी अधिक ऑडिशन दिए कि कभी भी उन्हें अपने स्पेशल होने का एहसास नहीं हुआ। केन घोष व्दारा निर्देशित, 'इश्क विश्क' (2003) शाहिद कपूर की लीड एक्टर, वाली पहली फिल्म थी। उनकी ये डेब्यू फिल्म बॉक्स ऑफिस के लिहाज से एवरेज थी हालांकि, फिल्म में शाहिद कपूर को बेहद पसंद किया गया था। अमृता संग उनकी कैमिस्ट्री तो कमाल की थी। अपनी दमदार परफॉर्मेंस के लिए शाहिद ने फिल्मफेयर बेस्ट मेल डेब्यू अवार्ड भी जीता। एक ओर जहां शाहिद की फिल्म 'फिदा', 'दिल मांगे मोर', 'दीवाने हुए पागल', 'वाह! लाइफ हो तो ऐसी' और शिखर फ्लॉप रही तो वहीं फिल्म '36 चाइन टाउन' सेमी हिट रही। उसके बाद 'चुप चुप के' एवरेज थी। फिर साल 2006 में उनकी फिल्म 'विवाह' आई और हिट रही। इसके बाद भी शाहिद की कई फिल्में फ्लॉप हुईं और कुछ हिट भी रहीं। उनकी 'फूल एंड फाइनल', 'किस्मत कनेक्शन', 'दिल बोले हडिप्पा', 'चांस पे डांस', 'पाठशाला', 'मिलेंगे मिलेंगे', 'मौसम', 'तेरी मेरी कहानी', 'फटा पोस्टर निकला हीरो', 'शानदार', 'रंगून', 'बत्ती गुल मीटर चालू', 'जर्सी' और 'देवा' फ्लॉप रहीं। लेकिन दूसरी तरफ शाहिद ने 'कबीर सिंह' जैसी बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ने वाले फिल्म दी। 'तेरी बातों में उलझा जिया' 80.88 करोड़ के कारोबार के साथ सेमी हिट रही और 'जब वी मेट' हिट रही थी। इस फिल्म करीना कपूर के साथ उनकी जोड़ी को काफी पसंद किया गया था। शाहिद की फिल्म 'उड़ता पंजाब', 'हैदर', 'आर राजकुमार', 'बदमाश कंपनी' और 'कमीने' एवरेज रहीं। इस तरह उनका करियर काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा है। शाहिद को सबसे ज्यादा कामयाबी संदीप रेड्डी वांगा की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'कबीर सिंह' (2019) से मिली। यह उनकी अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म थी।

## जरा हटके

इसका मतलब है...

राजेश कुमार पासी

# केजरीवाल को राहत, कांग्रेस की आफत



शराब घोटाले में ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल को बरी कर दिया है। इसके बाद केजरीवाल घूम-घूम कर सारे देश को बता रहे हैं कि वो कट्टर ईमानदार हैं. भाजपा ने उन्हें फंसाया था। वैसे देखा जाए तो अदालत ने उन्हें बरी इसलिए किया है, क्योंकि जांच एजेंसी सीबीआई उनके खिलाफ लगे आरोप सिद्ध नहीं कर पाई। अदालत ने कहीं नहीं कहा है कि केजरीवाल ईमानदार हैं और उन्हें फंसाया गया है। एक तरह से अदालत ने उनके खिलाफ पूरे सबूत न पेश कर पाने के कारण उन्हें बरी किया है। अदालत ने यह भी नहीं कहा है कि घोटाला नहीं हुआ है, इसलिए सवाल यही है कि घोटाला किसने किया है। सीबीआई का मुख्य आरोप ये था कि शराब व्यापारियों को फायदा पहुंचाने के लिए उनके पक्ष में नीतियां बनाई गई थी और इससे राजस्व की हानि हुई। ये आरोप भी भाजपा या कांग्रेस ने नहीं लगाया था, बल्कि कैग द्वारा लगाया गया था। कैग की रिपोर्ट आने के बाद जब विपक्षी दलों ने शोर मचाया तो केजरीवाल सरकार ने शराब नीति वापिस ले ली । सवाल यह है कि अगर केजरीवाल सरकार को अपनी नीतियों पर भरोसा था तो उसने इन नीतियों को वापस क्यों लिया। अदालत में अपराध साबित न हो पाना जांच एजेंसी की नाकामी होती है, इसलिए इस मामले ने सीबीआई की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सीबीआई की नाकामी ने विपक्षी दलों को मोदी सरकार के खिलाफ राजनीतिक हथियार दे दिया है कि वो ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है। अगर केजरीवाल बिल्कुल निर्दोष थे तो उन्हें हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जमानत क्यों नहीं दे रहे थे। अगर केजरीवाल के खिलाफ कोई सबूत नहीं था तो अदालतों द्वारा उन्हें जेल क्यों भेजा गया। अब केजरीवाल मोदी सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि उसने उन्हें जेल भेजा था। भारतीय व्यवस्था का सच यह है कि सरकार किसी के खिलाफ मुकदमा कर सकती है लेकिन उसे जेल नहीं भेज सकती। किसी भी व्यक्ति को जेल भेजने या जमानत देने का अधिकार सिर्फ इस देश की अदालतों के पास ही है। अदालत ने चार्जशीट तैयार करने वाले जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की सिफारिश की है। इसका मतलब है कि अदालत मानती है कि जांच अधिकारी की लापरवाही के कारण किसी निर्दोष को परेशान किया गया है या दोषी के खिलाफ मामला साबित नहीं हो पाया है। वैसे देखा जाए तो अगर केजरीवाल निर्दोष हैं तो उनके साथ बहुत बड़ा अन्याय हुआ है, क्योंकि उन्हें इस मामले में 150 दिन और उनके सहयोगी सिसोदिया को 500 दिन जेल में रहना पड़ा है। इतने बड़े नेताओं का जेल में रहना उनके राजनीतिक जीवन के लिए अच्छा नहीं होता है। बरी होने के बाद केजरीवाल अपने आपको पीड़ित की तरह पेश कर रहे हैं जिसमें कुछ भी गलत नहीं है। जहां तक केजरीवाल के खिलाफ राजनीति करने की बात है तो भाजपा और कांग्रेस ने उन्हें इस मामले में कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। कांग्रेस कई बार अपनी राजनीति के कारण उनके साथ खड़ी हुई है लेकिन विरोध भी करती रही है। यही कारण है कि केजरीवाल बरी होने के बाद भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस के खिलाफ भी बयान दे रहे हैं। कांग्रेस भी केजरीवाल के बरी होने के बाद भाजपा पर हमलावर है कि वो विपक्षी दलों के खिलाफ ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस का भाजपा पर हमलावर होना समझ आता है लेकिन कांग्रेस केजरीवाल के खिलाफ भी हमलावर है। कांग्रेस आरोप लगा रही है कि केजरीवाल और भाजपा मिलकर उसके खिलाफ साजिश कर रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि ऐन चुनाव के वक्त केजरीवाल का बरी होना महज संयोग नहीं हो सकता. कहीं न कहीं दोनों दलों की इसमें मिलीभगत है। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा उसके खिलाफ आम आदमी पार्टी को खड़ा कर रही है, ताकि आने वाले विधानसभा चुनावों में उसे नुकसान पहुंचाया जा सके। अगले साल पंजाब, गोआ और गुजरात में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जहां आम आदमी पार्टी गंभीरता से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। केजरीवाल और सिसोदिया के बरी होने के बाद पार्टी में नई जान आ गई है। आप के कार्यकर्ताओं में नया जोश आ गया है। देखा जाए तो अब पार्टी कार्यकर्ता और नेता नए जोश के साथ काम शुरू कर सकते हैं। केजरीवाल बोल रहे हैं कि भाजपा में हिम्मत है तो वो दिल्ली में चुनाव करवा ले. उसे दस सीटें भी नहीं मिलेंगी। वो ये जानते हैं कि दिल्ली में सरकार बने हुए एक साल हुआ है, ऐसा कुछ होने वाला नहीं है। वास्तव में वो कांग्रेस को इशारा कर रहे हैं। 2027 में जिन तीन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, वहां आप भाजपा के लिए नहीं बल्कि कांग्रेस के लिए घातक साबित हो सकती है। आम आदमी पार्टी के मजबूत होने से भाजपा को नुकसान की अपेक्षा फायदा होने की उम्मीद ज्यादा है। पंजाब में आम आदमी पार्टी अपनी सत्ता बचाने की लड़ाई लड़ रही है। इस समय पंजाब में सत्ताविरोधी लहर चल रही है जिससे निपटना पार्टी के लिए आसान होने वाला नहीं है। केजरीवाल के आरोपमुक्त होने के बाद आम आदमी पार्टी को सत्ता में वापिसी का रास्ता आसान लग रहा है। जहां तक भाजपा की बात है तो वो अभी सत्ता की लड़ाई में शामिल नहीं है। शिरोमणि अकाली दल भी इतना कमजोर हो चुका है कि वो सत्ता की लड़ाई से बाहर नजर आ रहा है।

# गाय को राष्ट्रमाता घोषित करें, जो करना है कर लें, हम पीछे नहीं हटेंगे

# योगी के पास 6 दिन का समय बचा : शंकराचार्य

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा- सीएम योगी के पास अभी 6 दिन का समय बचा है। वह गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित कर दें। अभी तक उनकी तरफ से कोई बयान नहीं आया है। उनके ही पार्टी के अन्य लोग समर्थन कर रहे हैं, लेकिन कोई खुलकर सामने नहीं आ रहा है। 7 मार्च को हनुमान चालीसा का पाठ कर वाराणसी से लखनऊ के लिए निकलेंगे। वहां पर सभी साधु संतों के सामने हम अपने फैसले सुनाएंगे। उन लोगों का चेहरा भी सामने लाएंगे, जो लोग हमारे इस अभियान में साथ हैं। शंकराचार्य ने गुरुवार को कहा- रास्ते में हमें जहां रोका जाएगा, हम कानून का पूरा साथ देंगे। उम्मीद



है कि ये धर्म की यात्रा है, इसमें कोई बाधा नहीं आएगी। अपने निर्धारित मार्ग और कार्यक्रम के अनुसार ही लखनऊ के लिए बढ़ेंगे। हम अपने मार्ग पर निकलेंगे और जो भी निर्णय लेना होगा। वह अपने धर्म और परंपरा के अनुसार लेंगे। प्रशासन को जो करना है।

> शंकराचार्य ने बताया कि वह गाय और सनातन की रक्षा के लिए 11 मार्च को लखनऊ में सभा करेंगे। 6 मार्च को बड़े भगवान चिंता गणेश का पूजन पाठ होगा।

### गौ माता की रक्षा के लिए लखनऊ आने का आह्वान किया

इसके बाद लखनऊ यात्रा के लिए निकलेंगे। कई जिलों से होते हुए और रात्रि विश्राम करते हुए 10 मार्च को लखनऊ पहुंचेंगे। यहां 11 मार्च को शीतला अष्टमी पर काशीराम मैदान में गौ ध्वज प्रतिष्ठा किया जाएगा। इसके बाद धर्म युद्ध शुरू होगा, जो लोग भी गौ माता की रक्षा के लिए आना चाहते हैं, वह आएं।

### अजय राय बोले- कांग्रेस कार्यकर्ता शंकराचार्य के साथ खड़े रहेंगे

अजय राय ने कहा कि हम अपने शंकराचार्य से मुलाकात करने के लिए होली बाद पहुंचे थे। शंकराचार्य का जो भी आदेश होगा, हमारी पूरी कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी रहेगी। जो लोग गौ को अपनी मां मानते हैं, वह सभी लोग साथ रहेंगे। 11 मार्च को हम सभी लखनऊ में महाराज जी के साथ रहेंगे।

> *मुलाकात के बाद शंकराचार्य ने कहा- होली के बाद अजय राय हमसे मुलाकात करने आए थे। गंगा अभियान को लेकर कुछ चर्चाएं हुईं। लेकिन, कोई बहुत बड़ी बात नहीं की गई है। यह एक मुलाकात थी।*

### *अजय राय ने शंकराचार्य के चरणों में फूल चढ़ाए*

*कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से उनके मठ में मुलाकात की। आशीर्वाद लेकर हाल के घटनाक्रम पर विस्तार से चर्चा की।*

*अजय राय ने शंकराचार्य से कहा- अभी जब हम लखनऊ में थे, तब पुलिस ने हमें रास्ते में रोक दिया।*

*प्रशासन ने मुझे आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी और होली का हवाला देकर रोक लिया। उन्होंने प्रशासन की ओर से जारी जिलाधिकारी का लेटर भी शंकराचार्य को दिखाया। कहा कि यह पत्र बताता है कि प्रशासन किस आधार पर लोगों को रोक रहा है।*

# कानपुर सेंट्रल पर परिवार से बिछड़ी दृष्टिहीन बच्ची

## जीआरपी ने मां और दो बच्चों को दो घंटे में ढूंढा

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। बहराइच का एक परिवार मध्य प्रदेश स्थित बागेश्वर धाम से लौटते समय कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर बिछड़ गया। परिवार में 3 वर्षीय दृष्टिहीन बच्ची नीतू, उसकी दादी निर्मला (55 वर्ष) और बुआ खुशबू (5 वर्ष) शामिल थीं। कानपुर जीआरपी ने सूचना मिलने के दो घंटे के भीतर तीनों को सकुशल ढूंढकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, बहराइच निवासी राजू अपनी दृष्टिहीन बेटी नीतू को लेकर बागेश्वर धाम गए थे। वहां से लौटने के बाद गुरुवार को वे मेमू ट्रेन से कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर उतरे। भीड़भाड़ के कारण दादी निर्मला अपनी दोनों पोतियों नीतू और खुशबू के साथ झकरकटी की ओर चली गईं, जबकि परिवार





के अन्य सदस्य स्टेशन के दूसरे निकास की तरफ बढ़ गए। इससे वे आपस में बिछड़ गए। राजू ने अपनी मां और दोनों बहनों का पता न चलने पर तत्काल जीआरपी थाने में सूचना दी। जीआरपी कानपुर सेंट्रल के प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने उपनिरीक्षक अभिषेक शुक्ला और अन्य पुलिसकर्मियों को तुरंत सक्रिय किया। टीम ने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया और सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया।

## फास्ट न्यूज

### होली पर 30 करोड़ की शराब बिकी

मेरठ। मेरठ में होली के अवसर पर शराब की बिक्री ने पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इस बार होली पर जिले में 30 करोड़ रुपये की शराब बिकी, जिसमें व्हिस्की और बीयर की सर्वाधिक मांग रही। पिछले दो वर्षों में मेरठ में शराब की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023 और 2024 में कुल 19 अरब रुपये की शराब बेची गई। पिछले साल नए साल के जश्न के दौरान मेरठ में 4 करोड़ रुपये की शराब बिकी थी।

### होली पर फायरिंग-पथराव, दरोगा का सिर फटा

अलीगढ़। यूपी के अलीगढ़ में होली के दिन रंग खेलने को लेकर बवाल हो गया। पड़ियावाल गांव में दो पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई। फिर देखते ही देखते हालात बिगड़ गए। मारपीट होने लगी। एक पक्ष के युवक ने छत पर चढ़कर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। कुछ लोग छर्रे लगने से घायल हो गए। नाराज ग्रामीणों ने आरोपी का घर घेर लिया। पथराव करने लगे। गेट तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। घर को घेरकर लोगों को दूर करने लगी। इससे नाराज लोगों ने पुलिस पर भी पथराव कर दिया। दरोगा का सिर फट गया।

### एनस्थीसिया ओवरडोज से मरीज की मौत

सुलतानपुर। सुल्तानपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल में पथरी के ऑपरेशन के बाद व्यक्ति की मौत हो गई। खबर लगते ही परिजनों ने हंगामा कर दिया। आरोप लगाया कि एनस्थीसिया ओवरडोज की वजह से मरीज की जान चली गई। पहले वो बिल्कुल ठीक थे। जब से इंजेक्शन लगा, उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। पुलिस सूत्रों की मुताबिक, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में एनेस्थीसिया ओवरडोज की बात सामने आई है।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में युवक की मौत, दो गंभीर घायल

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में बुधवार को होली के दिन एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और होली की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बसौली गांव निवासी 30 वर्षीय संदीप यादव पुत्र रमेश यादव बुधवार की दोपहर होली खेलने के लिए अपने मामा राजितराम यादव के घर ब्रह्म्हापुरवा मजरे दौलतपुर गए थे। वहां से होली का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही वह ब्रह्म्हापुर गांव के निकट पहुंचे, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी बाइक से



उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि संदीप यादव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक पर सवार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के टंडवा गांव निवासी 20 वर्षीय अंकुर और दौलतपुर निवासी 25 वर्षीय जयसिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तुरंत एम्बुलेंस व पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक संदीप यादव परिवार के जिम्मेदार सदस्य थे। वह पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह के होटल में रहकर कैटरिंग का काम करते थे। परिवार में छोटा भाई अरविंद खेती-बाड़ी संभालता है, जबकि दूसरा भाई अनीत होटल में ही नौकरी करता है। परिवार में एक बहन आरती की शादी हो चुकी है, जबकि दो बहनें सीता और खुशबू अभी पढ़ाई कर रही हैं। संदीप यादव अपने पीछे दो छोटे बेटे अभिषेक और हिमांश को छोड़ गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मासूम बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। गांव में भी शोक का माहौल छा गया।

## बाराबंकी के सूरतगंज क्षेत्र का मामला, घर लौटते समय रोडवेज बस की टक्कर से गई जान

# यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत



तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी जिले के सूरतगंज क्षेत्र में होली के पर्व के बीच एक दर्दनाक सड़क हादसे में सिविल सेवा की तैयारी कर रहे युवक की मौत हो गई। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। इकलौते बेटे की मौत की खबर मिलते ही घर की खुशियां मातम में बदल गईं। जानकारी के अनुसार डडियामऊ स्थित एक पेट्रोल पंप के पास प्रियांशु वर्मा पैदल खड़ा था। तभी तेज रफ्तार अनुबंधित रोडवेज बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल प्रियांशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फतेहपुर ले जाया



गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल लेकर गए, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इकलौते बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल था। वह बार-बार यही कह रही थीं कि बेटा इससे अच्छा तो वहीं रहकर होली मना लेता। वहीं पिता महेंद्र वर्मा भी बेटे की मौत से पूरी तरह टूट गए।

### प्रयागराज में रहकर कर रहा था यूपीएससी की तैयारी

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ऐनुद्दीनपुर गांव निवासी महेंद्र वर्मा होमगार्ड के पद पर तैनात हैं और इसी थाना में पीआरवी वाहन के चालक के रूप में कार्यरत हैं। उनका इकलौता बेटा 24 वर्षीय प्रियांशु वर्मा प्रयागराज में रहकर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहा था। बताया जाता है कि मंगलवार को प्रियांशु वर्मा घर आने के लिए प्रयागराज से निकला था। देर रात होने के कारण उसने रास्ते में एक बाइक सवार से लिफ्ट ले ली और फतेहपुर थाना क्षेत्र के डडियामऊ तक पहुंच गया।

> घटना की खबर मिलते ही गांव और आसपास के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार सुबह गमगीन माहौल में प्रियांशु वर्मा का अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव के लोग और होमगार्ड के साथी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और परिजनों को सांत्वना देते रहे।

# होली मिलन समारोह में बच्चों को किया गया सम्मानित

## गोरखपुर में जायसवाल विकास समिति ने किया आयोजन

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर में जायसवाल विकास समिति की ओर से होली मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देवनारायण सम्मान ज्ञान परीक्षा के विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द व एकता का संदेश दिया। समारोह में आयोजित देवनारायण सम्मान ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने कहा कि इस तरह की परीक्षाएं बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करती हैं और उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। बच्चों की उपलब्धि पर अभिभावकों ने भी खुशी जताई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि





समाज की प्रगति के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार भी देना जरूरी है, ताकि वे आगे चलकर समाज और देश के विकास में योगदान दे सकें। समाज के लोगों से बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करने की अपील भी की गई। कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी, विक्रम चौधरी, समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र स्वरूप जायसवाल सहित समाज के कई लोग मौजूद रहे। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सूरतगंज की ग्राम प्रधान परमेश कुमारी का निधन

## लंबी बीमारी के बाद 62 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस, ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी जिले के सूरतगंज विकास खंड क्षेत्र की मौजूदा ग्राम प्रधान परमेश कुमारी पत्नी अरविंद कुमार बारी का गुरुवार को 62 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार परमेश कुमारी काफी समय से बीमार चल रही थीं और उनका इलाज भी चल रहा था। गुरुवार को अचानक उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई, जिसके बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। ग्राम प्रधान के निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के तमाम ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रति-



निधि उनके आवास पहुंचे। सभी ने शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। परमेश कुमारी अपने सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए पूरे क्षेत्र में जानी जाती थीं। ग्राम प्रधान के रूप में उन्होंने गांव के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए वह हमेशा तत्पर रहती थीं। उनके कार्यकाल में गांव में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य कराए गए, जिनकी ग्रामीणों ने सराहना की। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि उन्होंने हमेशा गांव के हित को प्राथमिकता दी और विकास के लिए लगातार प्रयास किए। शाम को उनके पैतृक गांव में गमगीन माहौल के बीच अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, शुभचिंतक और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। ग्रामीणों ने कहा कि परमेश कुमारी का निधन गांव और क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई करना आसान नहीं होगा।

# भदोही सीएमओ ने रोका अनुपस्थित स्टाफ का वेतन

## जंगीगंज पीएचसी से प्रभारी चिकित्साधिकारी व दो कर्मी गैरहाजिर



तमसा संकेत, एजेंसी

भदोही (संत रविदास नगर)। भदोही में सीएमओ डॉ. संतोष चक ने 5 मार्च को जंगीगंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण में स्वीपर लवकुश और एएनएम सुनीता भी गैरहाजिर मिलीं। सीएमओ डॉ. चक ने अनुपस्थित पाए गए लवकुश का पांच दिन का वेतन और श्रीमती सुनीता का उस दिन का वेतन रोक दिया। निरीक्षण के दौरान, सीएमओ या उनके साथ मौजूद अधिकारी द्वारा ओपीडी का संचालन किया गया। इसमें हीरामनी नामक एक महिला मरीज का रक्त नमूना लेकर मलेरिया और हीमोग्लोबिन की जांच की गई और दवाएं उपलब्ध कराई गईं। केंद्र पर आयुष्मान कार्ड नहीं बनाए जा रहे थे, जिसे सीएमओ ने खेदजनक बताया। दवाओं की उपलब्धता के संबंध में, केंद्र पर कुल 195 दवाओं में से 149 दवाएं मौजूद पाई गईं।

## घटना : गोरखपुर में फार्च्यूनर ने टक्कर मारी, दोस्त डॉक्टर से बोला- जिंदा कर दीजिए

# एमबीबीएस छात्र की लाश 30 मिनट रेलिंग से लटकी रही

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर में बेकाबू फॉर्च्यूनर की टक्कर से स्कूटी सवार MBBS छात्र की मौत हो गई। छात्र होली पर दोस्त के घर गया था। रात में खाना खाकर हॉस्टल जा रहा था। ओवरब्रिज पर फॉर्च्यूनर ने स्कूटी में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छात्र हवा में उछला और 15 मीटर दूर ओवरब्रिज की रेलिंग से टकराकर औंधे मुंह लटक गया। आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और ओवरब्रिज पर भीड़ लग गई। लोग वीडियो बनाते रहे, लेकिन किसी ने छात्र को रेलिंग से नहीं उतारा। 30 मिनट शव रेलिंग से लटका रहा। इसके बाद



आकाश पांडेय, मृतक

राहगीर की सूचना पर पुलिस पहुंची और छात्र को नीचे उतारा और जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत के बाद उसका दोस्त अस्पताल पहुंचा। शव देखकर फूट-फूटकर रोने लगा और कहने लगा डॉक्टर साहब, मेरे दोस्त को जिंदा कर दीजिए।

### माता-पिता का इकलौता बेटा था

आकाश पांडेय संतकबीरनगर जिले के धर्मसिंघवा थाना क्षेत्र के बरगदवां माफी वार्ड नंबर 10 का निवासी था। पिता देवेंद्र नाथ पांडेय की टेंट की दुकान है। आकाश की मां लीलावती देवी हाउस वाइफ हैं। आकाश मां-बाप के इकलौते बेटे थे। वह शुरू से ही पढ़ने में बहुत तेज थे। मौत की सूचना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार और रिश्तेदार बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंच रहा है। यहां पर दोपहर बाद आकाश के शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

### होली पर दोस्त के घर से खाना खाकर हॉस्टल जा रहा था

आकाश पांडेय बुधवार को होली मनाने के बाद देर शाम दोस्त अनूप के घर गया था। वहां उसने रात का खाना खाया। रात 10 बजे वह वापस हॉस्टल जा रहा था, तभी मोहद्दीपुर-कौवाबाग ओवरब्रिज पर हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बेकाबू फॉर्च्यूनर ने तीन-चार गाड़ियों को टक्कर मार दी। दूसरी गाड़ियों में हल्की टक्कर लगी, जबकि आकाश की स्कूटी में जोरदार टक्कर हुई। उसका हेलमेट दूर जा गिरा और वह गंभीर रूप से घायल होकर रेलिंग में अटक गया। हादसे के बाद आसपास के लोग पहुंचे, लेकिन किसी ने छात्र को अस्पताल नहीं पहुंचाया। इसी बीच, किसी राहगीर ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। करीब 30 मिनट बाद पुलिस पहुंची और छात्र को रेलिंग से उतारा।



### साथी डॉक्टरों ने अस्पताल में हंगामा किया

एंबुलेंस से उसे मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत की सूचना मिलते ही साथी डॉक्टर अस्पताल पहुंचे और हंगामा करने लगे। अफसरों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर डॉक्टरों को शांत कराया। आकाश पांडेय की मौत की जानकारी मिलते ही उसका दोस्त अनूप मौके पर पहुंचा।

# बच्चा नहीं हुआ तो पत्नी की हत्या करके जान दी

## मुरादाबाद में 9 साल पहले हुई थी शादी, दूसरी शादी करना चाहता था

तमसा संकेत, एजेंसी

मुरादाबाद। मुरादाबाद में पति ने पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। बाद में उसी चाकू से खुद को जख्मी कर सुसाइड कर लिया। महिला के मायके वालों का कहना है कि पति-पत्नी को 9 साल से बच्चा नहीं हो रहा था। इस वजह से दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। पति दूसरी शादी करने को कहता था तो पत्नी और भड़क जाती। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में पता चला कि होली के दिन यानी बुधवार शाम को पेशे से इलेक्ट्रिशियन पति ने पत्नी से मायके चलने को कहा। रास्ते में एक जंगल में ले गया और चाकू से कई वार किए। महिला की मौके पर ही मौत हो गई।





इसके बाद उसने खुद को भी चाकू मार लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना मझोला थाना क्षेत्र की है। ममता के मायके वालों का आरोप है कि विनोद दूसरी शादी करना चाहता था। इसके लिए ममता को काफी समय से प्रताड़ित कर रहा था। ममता की मां शीला का कहना है कि बच्चे नहीं होने का लेकर दामाद विनोद और बेटी ममता के बीच विवाद होता था। कुछ दिन पहले दामाद ने ममता को 2 महीने के लिए हमारे पास छोड़ दिया था। दूसरी पत्नी की तलाश शुरू कर दी थी। स्टांप पर लिखकर दे दिया था कि मैं ममता को नहीं रखूंगा। इसके बाद पंचायत बुलाई गई। तब जाकर ममता को साथ रखा। पुलिस ने ममता के भाई की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, विनोद के भाई राजकुमार का कहना है कि विनोद बुधवार को दोपहर करीब ढाई बजे विक्की घर से यह कहकर निकला था कि हरथला ससुराल में होली मिलने जा रहा हूं। इसके बाद उन्हें नहीं पता कि क्या हुआ। शाम को पुलिस की ओर से सूचना मिली कि एक्सीडेंट हुआ है।

# 17 साल के भतीजे ने चाची की हत्या की

**वारदात**

## बेडरूम में घुसकर कनपटी पर गोली मारी, मेरठ में मर्डर के बाद थाने पहुंचा

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ । मेरठ में गुरुवार सुबह 17 साल के भतीजे ने 32 साल की चाची की हत्या कर दी। भतीजा अचानक बेडरूम में घुसा। कनपटी में सटाकर तमंचे से 2 गोली मारी। फिर मौके से भाग गया। हालांकि, थोड़ी देर बाद उसने मवाना थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। बोला- आए दिन चाची झगड़ा करती थी, इसीलिए गोली मार दी।

पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब 9:20 बजे सभी घर के कामों में बिजी थे, तभी गोली चलने की आवाज सुनाई दी। परिवार के लोग दौड़े तो पूजा त्यागी बेडरूम में फर्श पर पड़ी तड़प रही थी। इतने में 17 साल का भतीजा तमंचा लेकर भागता दिखाई दिया। थोड़ी ही देर में पूजा ने दम तोड़ दिया। 4 साल पहले मोदीनगर की रहने वाली पूजा की




शादी धर्मेंद्र त्यागी से हुई थी। पूजा का 6 महीने का बेटा है। घटना हस्तिनापुर के गणेशपुर गांव की है। हस्तिनापुर थाने की फोर्स और पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे हैं। फोरेंसिक टीम ने भी सबूत जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घर में पूजा के ससुर राजकुमार त्यागी (65) अपने 2 बेटों देवेंद्र और धर्मेंद्र के परिवार के साथ रहते हैं। धर्मेंद्र खेती करते हैं। देवेंद्र फौज में हैं। दो दिन पहले ही देवेंद्र छुट्टी बिताकर ड्यूटी पर वापस गए हैं। देवेंद्र के दो बेटे हैं। बड़े बेटे का नाम हिमांशु है। जबकि, छोटे बेटे ने चाची की हत्या की है।

### आरोपी की ममेरी बहन थी मृतक पूजा

मृतक पूजा के पति धर्मेंद्र ने बताया- भतीजे ने हत्या क्यों की, ये नहीं समझ पा रहे। मैं सुबह मिठाई खरीदने के लिए बाजार गया था। मवाना में मिठाई ले रहा था, तभी मुझे घर से फोन आया कि पूजा को गोली मार दी गई है। मेरा बड़ा भाई उस वक्त बाथरूम में था। मैंने मिठाई वहीं हलवाई की दुकान पर छोड़ी और घर आया। देखा तो पत्नी की मौत हो चुकी थी। मेरी पत्नी पूजा भतीजे की ममेरी बहन है। जिस भतीजे ने गोली मारी है, मेरी पत्नी पूजा उसकी मामा की बेटी थी। उसी घर से मेरा रिश्ता हुआ था।

### पति बोला- हंसते-खेलते परिवार को भतीजे ने उजाड़ दिया

पति धर्मेंद्र त्यागी पत्नी की लाश देखकर बेसुध हो गए। रो-रोकर कहते रहे- एक हंसते-खेलते परिवार को भतीजे ने उजाड़ कर रख दिया। बच्चे को नहीं पता कि उसकी मां अब इस दुनिया में नहीं रही। गांव की गलियों में सन्नाटा पसरा है। आरोपी भतीजा अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहा था।



### हत्या कर भतीजे ने मवाना थाने में सरेंडर किया

सीओ मवाना पंकज लवानिया ने बताया आरोपी ने हत्या कर मवाना थाने में सरेंडर कर दिया है। उसका कहना था कि आए दिन चाची से कहासुनी होती थी, झगड़ा करती थी। इसी वजह से दोनों में मन-मुटाव हुआ तो तमंचे से गोली मार दी। फिर भागकर मवाना थाने आ गया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा और खोखा कारतूस बरामद किए हैं। तमंचा कहां से मिला, पुलिस ये पता कर रही है।

## मजदूरों की हत्या पर भड़का आक्रोश, शव सड़क पर रखकर किया जाम

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। सदर थाना क्षेत्र के दामोदरपुरा इलाके में दो मजदूरों की हत्या के मामले में बृहस्पतिवार को परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। घायल मजदूर की मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। जाम खुलवाने पहुंचे दरोगा के साथ आक्रोशित हो गई इसके बादआरो- पियों के खिलाफ पुलिस अधिकारियों के कार्यवाही के आश्वासन के बाद जाम खुल सका।

परिजनों का आरोप है कि दोनों मृतक मजदूर ठेकेदार कल्याण सिंह के यहां मजदूरी का काम करते थे और उनकी मजदूरी के पैसे ठेकेदार पर बकाया थे। आरोप है कि 24 फरवरी की रात ठेकेदार दोनों मजदूरों को घर से पैसे देने के बहाने बुलाकर अपने घर ले गया, जहां उनके साथ मारपीट की गई।

मारपीट के दौरान मनोज नामक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हरिओम गंभीर रूप से घायल हो गया। हरिओम को उपचार के लिए आगरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बीती रात इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम के बाद हरिओम का शव जैसे ही दामोदरपुरा पहुंचा, परिजनों और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया।

सूचना मिलने पर एसपी सिटी राजीव कुमार सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। करीब ढाई घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस अधिकारियों द्वारा आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद जाम खुला।

**फास्ट न्यूज**

### होली के बाद 30% बढ़े स्किन एलर्जी के मरीज

आगरा । होली के बाद सिंथेटिक रंगों के इस्तेमाल का असर लोगों की त्वचा पर दिखाई देने लगा है। आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में स्किन इंफेक्शन के मरीजों की संख्या करीब 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। एसएन मेडिकल कॉलेज के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय के अनुसार होली के दौरान इस्तेमाल किए गए सिंथेटिक रंगों से लोगों में त्वचा से जुड़ी कई समस्याएं देखने को मिल रही हैं।

### नौबस्ता में दबंगों ने मां-बेटों को डंडों से पीटा

कानपुर । शादी के मंडप के लिए खाली पड़े प्लॉट से मिट्टी उठाना एक परिवार को महंगा पड़ गया। दबंगों ने सिपाही के साथ मिलकर महिला और उसके दो बेटों पर लाठी–डंडे से हमला कर घर में तोड़फोड़ कर दी। इतने से भी मन न भरने पर साबड़ और चाकू से कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पूरी घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत एडीसीपी साउथ से की है। हनुमंत विहार निवासी पप्पू ने बताया कि घर में 9 मार्च को शादी समारोह होने पर छोटा बेटा अंकित मंडप गाड़ने के लिए घर से कुछ दूर स्थित खाली पड़े प्लॉट से मिट्टी लेने के लिए गया था।

### ज्वेलर्स को धमकी देकर मांग रहे थे 12 करोड़ रंगदारी

आगरा । आगरा के थाना मलपुरा पुलिस ने एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए ऑनलाइन तरीके से रंगदारी मांगने वाले चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ज्वेलर्स की दुकान में हुई चोरी के बाद उसी घटना को आधार बनाकर 12.5 करोड़ रुपये की 20 प्रतिशत रकम वसूलने की साजिश रची थी।

# सुल्तानपुर में एनस्थीसिया ओवरडोज से मरीज की मौत

## पथरी का ऑपरेशन कराने गया था, भांजा बोला- इंजेक्शन के बाद बिगड़ी तबीयत

तमसा संकेत, एजेंसी

सुलतानपुर । सुल्तानपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल में पथरी के ऑपरेशन के बाद व्यक्ति की मौत हो गई। खबर लगते ही परिजनों ने हंगामा कर दिया। आरोप लगाया कि एनस्थीसिया ओवरडोज की वजह से मरीज की जान चली गई। पहले वो बिल्कुल ठीक थे। जब से इंजेक्शन लगा, उनकी तबीयत बिगड़ गई।

परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। पुलिस सूत्रों की मुताबिक, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में एनेस्थीसिया ओवरडोज की बात सामने आई है। हालांकि, विस्तृत रिपोर्ट आना अभी बाकी है। इस बीच स्वास्थ्य विभाग ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। अस्पताल प्रबंधन से जवाब तलब किया है। हॉस्पिटल के आला




अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन के दौरान मरीज की हालत अचानक बिगड़ गई थी। इसके बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। मामले में पुलिस ने कहा कि शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए काम किया जा रहा है। इस बीच, सीएमओ का कहना है कि जांच टीम गठित की गई है। जल्द ही एक्शन लिया जाएगा। मामला बुधवार को सुलतानपुर कोतवाली नगर का है।

सुलतानपुर कोतवाली नगर में शुभांगी हॉस्पिटल है। 18 किलोमीटर दूर आशापुर के रहने वाले राजेश मिश्रा (48) इलाज के लिए यहां आए थे। उन्हें पेट दर्द की शिकायत थी। कुछ टेस्ट कराने के बाद शुभांगी हॉस्पिटल के डॉक्टर राजेश गौतम ने पथरी होने की बात कही। सर्जरी की सलाह दी।

राजेश को 2 मार्च को अस्पताल में भर्ती किया गया। 3 मार्च की शाम उनका ऑपरेशन किया गया। मृतक के भांजे अमर कृष्ण तिवारी ने बताया- सर्जरी आयुष्मान योजना के तहत कराई जा रही थी। ऑपरेशन शुरू होने से पहले राजेश पूरी तरह सामान्य थे। ऑपरेशन थिएटर में बेहोशी का इंजेक्शन दिए जाने के कुछ समय बाद उनकी हालत अचानक बिगड़ने लगी।

## दुधवा में तालाब में घुसकर हमला किया, गर्दन चीरकर मांस खाया

# बाघ ने गैंडे का शिकार किया, उस पर बैठा रहा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखीमपुर-खीरी । लखीमपुर खीरी के दुधवा नेशनल पार्क में बाघ ने एक मादा गैंडे पर हमला कर दिया। मोटी चमड़ी की वजह से काफी देर तक उस पर पंजों से वार करता रहा। जबड़े में उसकी गर्दन दबा ली। थोड़ी देर में घायल गैंडे की मौत हो गई। इसके बाद बाघ उसके ऊपर चढ़कर बैठ गया। गर्दन चीरकर मांस खाता रहा।

दरअसल, बुधवार को नेशनल पार्क के दक्षिण सोनारीपुर रेंज स्थित गैंडा पुनर्वास केंद्र में 'राजेश्वरी' नाम की मादा गैंडा तालाब में आराम कर रही थी। तभी एक बाघ ने उस पर हमला कर दिया। 'राजेश्वरी' ने पलटवार किया, लेकिन बाघ ने उसकी गर्दन दबोच ली। गहरे घाव




होने की वजह से उसकी मौत हो गई। 'राजेश्वरी' उन चार गैंडों में शामिल थी, जिसे बाड़े से खुले जंगल में छोड़ा गया था। गश्त कै दौरान वन विभाग की टीम की नजर तालाब पर पड़ी। वहां पानी में आधे डूबे गैंडे पर बाघ बैठा हुआ था। गैंडा कोई हरकत नहीं कर रहा था। उन्होंने सबसे पहले तस्वीरें खींची। फिर बाघ को भगाया। तब तक गैंडा दम तोड़ चुका था। टीम गैंडे के पास पहुंची। गैंडा गंभीर रूप से घायल मिली। उसकी मौत हो चुकी थी। दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड निदेशक डॉ. एच. राजा मोहन ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से भी यह स्पष्ट हो गया है कि मादा गैंडे की मौत बाघ के हमले के कारण ही हुई है।

दक्षिण सोनारीपुर रेंज में यह पहला गैंडा पुनर्वास केंद्र है, जहां गैंडों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए विशेष निगरानी की जाती है। इस घटना के बाद वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त और निगरानी बढ़ा दी है।

### टाइगर और गैंडों में अक्सर संघर्ष होता रहता है

तराई पूर्वी की डब्लूडब्लूएफ हेड मुदित गुप्ता ने बताया टाइगर के गैंडे पर हमले की यह कोई पहली घटना नहीं है। जहां भी टाइगर और गैंडे एक साथ हैं, संघर्ष होता रहता है 1 दुधवा नेशनल पार्क में भी ऐसी घटनाएं पहले हो चुकी हैं, लेकिन गैंडा एक भारी जानवर है, इसलिए विशेष परिस्थितियों जैसे- बीमार या फिर बच्चों पर हमला होने की घटनाएं ज्यादा आती हैं 1 इस मामले में क्या कुछ स्थिति बनी है, इस पर जांच पड़ताल चल रही है।

### एक सींग वाला गैंडा, ऊपर बाघ बैठा था

वन विभाग के मुताबिक, टीमें तरफ से गैंडों की मॉनिटिरिंग की जाती है। इसके लिए लगातार गश्ती के इंतेजाम किए जाते हैं। बुधवार को टीम दो हाथियों पर सवार होकर रूटीन गश्त पर थी। इसी दौरान अमहा ताल क्षेत्र में टीम ने एक बाघ को पानी में आधे डूबे गैंडे के ऊपर बैठा देखा। टीम ने तुरंत तस्वीरें लीं। शोर मचाकर बाघ को भगाया।

# विश्व प्रसिद्ध दाऊजी के हुरंगा में देवरों पर भाभियों ने बरसाए प्रेम पगे कोड़े

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। ब्रज की होली का भव्य समापन माने जाने वाले बलदेव स्थित प्रसिद्ध दाऊजी मंदिर में गुरुवार को विश्व प्रसिद्ध हुरंगा उत्सव पूरे उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अनोखी परंपरा को देखने के लिए देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु और पर्यटक मंदिर परिसर में पहुंचे।

हुरंगा उत्सव की शुरुआत भगवान दाऊजी (बलराम) और माता रेवती के विधिवत दर्शन-पूजन के साथ हुई। इसके बाद मंदिर प्रांगण में रंग और गुलाल की वर्षा शुरू हो गई। ढोल-नगाड़ों और ब्रज के पारंपरिक फाग गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा वातावरण होली के रंग में सराबोर हो गया।

हुरंगा की सबसे अनोखी परंपरा में हुरियारिनों यानी भावियों ने हुरियारों यानी देवरों के कपड़े फाड़कर उनके कोड़े बनाए और फिर उन्हीं कोड़ों से

### फाग गीतों पर झूमे श्रद्धालु



हुरियारों पर जमकर बरसाए। हुरियारों ने ढाल के सहारे स्वयं को बचाने का प्रयास किया। इस अनूठे दृश्य को देखने के लिए मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। मंदिर परिसर में "होरी खेलत हैं दाऊजी" और "ब्रज में होरी रे रसिया" जैसे फाग गीतों की गूंज से वातावरण भक्तिमय और उल्लासमय हो गया। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकाम- नाएं दीं और पूरा परिसर रंगों से सराबोर नजर आया। ब्रज की यह अनोखी परंपरा हर वर्ष देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। दाऊजी मंदिर का हुरंगा उत्सव ब्रज की सांस्कृतिक विरासत और होली की जीवंत परंपराओं का अद्भुत उदाहरण माना जाता है।

**उत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित किया गया तथा मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका।**

### प्रेमिका ने पेट्रोल डाल कर जलाया, युवक की मौत

आगरा । 27 फरवरी को प्रेमिका शबनम और उसके अन्य साथियों ने प्रेमी चांद के ऊपर पेट्रोल डाल कर आग लगा दिया था, इससे वो 80 प्रतिशत झुलस गया था। 7 दिन तक चांद icu में भर्ती रहा, लेकिन बुधवार की रात इलाज के दौरान चांद की मौत हो गई।

गुस्साए परिजनों ने शव को सड़क पर रख कर जाम लगा दिया। कार्रवाई की मांग करने लगे। मौके पर पुलिस बल पहुंच गया। आरोपियों पर कार्रवाई न करने पर परिजनों ने एक घंटे तक हंगामा किया। इससे सड़क पर जाम लग गया। इसके बाद मौके पर ACP लोहामंडी गौरव पहुंच गए। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। आश्वासन मिलने के बाद परिजनों ने शव को रोड से हटा दिया। इसके बाद पुलिस ने जाम को खुलवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिजनों से तहरीर ली है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जांच के आघार पर कार्रवाई की जाएगी।

# हुरंगा उत्सव की व्यवस्थाओं डीएम एवं एसएसपी ने किया निरीक्षण

**निर्देश**

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। बलदेव स्थित श्री दाऊजी महाराज मंदिर में आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध हुरंगा उत्सव के दृष्टिगत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने गुरुवार को व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्षीर सागर कुंड, मंदिर को जाने वाली प्रमुख गलियों, मंदिर के प्रवेश व निकास द्वारों सहित विभिन्न स्थानों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी और एसएसपी ने



अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, साफ-सफाई तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं के आवागमन को व्यवस्थित रखने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने देने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

अधिकारियों ने कहा कि हुरंगा उत्सव में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसलिए सभी व्यवस्थाएं सुचारु और सुरक्षित तरीके से संचालित की जाएं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### इजराइल-ईरान जंग ...

हम इस बात पर सहमत हैं कि सिर्फ सैन्य संघर्ष से कोई भी समस्या हल नहीं हो सकती।

भारत ने पहली बार ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया है। भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली स्थित ईरान दूतावास जाकर खामेनेई के निधन पर संवेदना जताई। उन्होंने कंडोलेंस बुक (शोक पुस्तिका) पर हस्ताक्षर कर श्रद्धांजलि दी।

### मोदी बोले- एआई ...

बैठक में दोनों देशों ने डिजिटलाइजे- शन और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों ने भारत-फिनलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

### ईरान बोला- इराक...

हालांकि इस दावे की पुष्टि नहीं हो सकी है।

### ड्रोन हमले पर ...

अलीयेव के मुताबिक नखचिवान अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, उसके टर्मिनल, एक स्कूल और अन्य नागरिक इलाकों को ड्रोन से निशाना बनाया गया, जिसमें दो लोग घायल हुए।

उन्होंने इस घटना को "कायराना हमला" बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की। इस घटना के बाद अजरबैजान ने बाकू में ईरान के राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब किया है। हालांकि ईरान ने इस हमले से इनकार किया है।

### बेरूत के दक्षिणी ...

इजराइली सेना ने बुरज अल-बराजनेह और हदाथ इलाकों के निवासियों से पूर्व की ओर माउंट लेबनान की तरफ जाने को कहा है। वहीं हारेत हरेक और शियाह इलाकों के लोगों को उत्तर में त्रिपोली या पूर्व में माउंट लेबनान की ओर निकलने की सलाह दी गई है।

### हिमाचल से राज्यसभा...

नामांकन के बाद सीएम सुक्खू ने कहा कि अनुराग 30 सालों से कांग्रेस से जुड़े रहे हैं। यह फैसला सभी से चर्चा के बाद लिया गया है। उन्होंने जमीन से जुड़े आम कार्यकर्ता को राज्यसभा भेजने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का आभार जताया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले राज्यसभा चुनाव में कुछ कांग्रेस विधायक बिक गए थे। लेकिन इस बार अगर भाजपा चाहे तो अपना प्रत्याशी खड़ा कर देती, कांग्रेस को कोई डर नहीं था। उन्होंने कहा बीजेपी यदि प्रत्याशी दे भी देती तो भी उन्हें हार का सामना करना पड़ता।

अनुराग शर्मा, मुख्यमंत्री सुक्खू के करीबी रहे हैं। पूर्व में कांग्रेस विधायक रहे सुधीर शर्मा के भी वह खास है। इसी तरह, अनुराग के पिता प्यारे लाल भी स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के भी करीबी रहे हैं। अनुराग शर्मा अभी इंटरनेशनल बीड़ बिलिंग पैरा ग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं, जो कि इंटरनेशनल लेवल की पैरा ग्लाइडिंग चैम्पियनशिप का आयोजन कराती रही है।

### करोड़पति कॉन्स्टेबल...

इसका लिंक भी सौरभ से जुड़ा था।

इसके बाद सौरभ और उसके सहयोगियों की बेशुमार संपत्ति सामने आई थी। हालांकि, अब तक हुई पूछताछ में सौरभ शर्मा ने यह स्वीकार नहीं किया है कि मेंडोरी में इनोवा कार में मिला सोना और कैश उसका है।

एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी द्वारा आयकर विभाग की बेनामी विंग की कार्रवाई को सही ठहराने के बाद अब सौरभ शर्मा और चेतन सिंह गौर के पास अपील का विकल्प है। दोनों यदि अपील करते हैं, तो सुनवाई के बाद इस पर फैसला होगा।

यदि तय समय सीमा के भीतर अपील नहीं की जाती है, तो भारत सरकार इस मामले में नीलामी की कार्रवाई कर गोल्ड और कैश को जब्त कर सकती है।

आयकर विभाग की भोपाल स्थित बेनामी निषेध इकाई ने पीबीपीटी अधिनियम, 1988 के तहत अगस्त 2025 में सोना, नकदी और इनोवा वाहन की अस्थायी कुर्की की थी। उस समय इसकी कुल कीमत करीब 52 करोड़ रुपए आंकी गई थी।

### बंगाल के राज्यपाल ...

बोस के कार्यकाल के दौरान कई बार ममता सरकार और राजभवन के बीच मतभेद भी सामने आए थे। विशेष रूप से विश्वविद्यालयों की नियुक्तियों, प्रशासनिक हस्तक्षेप और कुछ संवैधानिक मुद्दों को लेकर विवादों की खबरें आती रही हैं। राज्य की सीएम ममता बनर्जी ने X पर लिखा कहा- 'बोस के इस्तीफे की खबर अचानक आने से मैं हैरान हूं। अभी तक मुझे उनके इस्तीफे की असली वजह के बारे में जानकारी नहीं है।'

### नीतीश ने राज्यसभा...

नामांकन के बाद JDU ने गृह विभाग पर अपना दावा ठोका है। अभी ये BJP के पास है। सम्राट चौधरी बिहार के गृहमंत्री हैं।

वहीं, जदयू के सूत्रों के अनुसार सीएम नीतीश ने बेटे निशांत कुमार 8 मार्च (रविवार) को जेडीय जॉइन करेंगे। इसके बाद पार्टी में निशांत के आगे की भूमिका तय की जाएगी। पार्टी के नेता बैठक में इसपर फैसला लेंगे। नीतीश कुमार ने निशांत कुमार के ज्वाइनिंग को लेकर हरी झंडी दे दी है।

निशांत की ज्वाइनिंग आज ही होनी थी। इसको लेकर जेडीयू कार्यालय में कार्यकर्ता के लिए भोज का इंतजाम किया गया था। लेकिन राज्यसभा नामांकन कार्यक्रम के कारण ज्वाइनिंग नहीं हुई।

### मंत्री, विधायक और ...

कार्यकर्ताओं ने CM हाउस जा रहे बीजेपी कोटे के मंत्री सुरेंद्र मेहता, JDU MLC संजय गांधी और JDU विधायक प्रेम मुखिया को भगा दिया। जदयू दफ्तर में भी गुस्साए कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ की।

### जनता का पैसा ...

उनके बीच में ही मैं भी पला बड़ा हूं। बाग्ला समाज के जितने भी त्योहार होते हैं। सब त्योहारों में मुझे जाने का अवसर मिला। चाहे वो काली पूजा हो या दुर्गा पूजा हो। सारे महोत्सवों के माध्यम से मुझे बांग्ला संस्कृति को नजदीक से जानने का मौका मिला। मैंने इस संस्कृति को गहराई से जानने का प्रयास किया। मुझे ये बोध हुआ कि बंगाल कितना दिव्य और कितना महान है। यह भूमि है भारत को राष्ट्रगान देने वाले रविंद्र नाथ टेगौर और राष्ट्रगीत वंदे मातरम के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, अध्यात्य के क्षेत्र में रामचंद्र परमहंस दिए, स्वामी विवेकानंद जैसे युगपुरुषों ने यहां से निकलकर पूरी दुनिया को दिशा देने का काम किया। शिकागो के सम्मेलन में उन्होंने ऐसा भाषण दिया कि पूरी दुनिया के अंदर भारत का यशगान हुआ। विज्ञान के क्षेत्र में जगदीश चंद्र बसु और सतेद्र नाथ बसु जी ने पूरी दुनिया में भारत का मस्तक ऊंचा किया। स्वत्रंता सेनानी के महान नायक सुभाष चंद्र बोस और महान क्रांतिकारी खुदी राम बोस की यह तपोस्थली रही है।

### जनता संदेश दे रही...

आज हिंगलगंज की धरती से उठ रही ये आवाज संदेश दे रही है कि अब अन्याय नहीं चलेगा। अब तुष्टिकरण नहीं चलेगा। अब पश्चिम बंगाल बदलेगा और तेज गति से विकास की गति में आगे बढ़ता जाएगा। क्या आज का बंगाल वैसा ही है। जो रविंद्र नाथ टैगोर चाहते थे।

### तमिलनाडु चुनाव ...

दूसरी ओर NDA को 75 सीटें मिली थीं, जिसमें AIADMK 66 सीटों के साथ गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी रही थी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस और डीएमके के बीच 2004 से चले आ रहा गठबंधन टूटने की कगार पर पहुंच गया था, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने मंगलवार को स्टालिन से मुलाकात की और लंबी बातचीत के बाद बात बन गई। कांग्रेस ने सीटों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया था। जब बात नहीं बनी तो चिदंबरम को बातचीत के लिए भेजा गया।

### मुकेश अंबानी-जय शाह भी शामिल हुए, अर्जुन ने बिजनेसमैन रवि घई की पोती के साथ फेरे लिए

# सचिन के बेटे की शादी में धोनी-अमिताभ पहुंचे

**मुंबई, एजेंसी**

सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की आज सानिया चंडोक के साथ मुंबई में शादी हुई। शादी समारोह में अमिताभ बच्चन पत्नी जया बच्चन के साथ पहुंचे। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी पत्नी साक्षी के साथ आए। वहीं, पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले के साथ क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे, सुरेश रैना, हरभजन सिंह भी मौजूद रहे। शादी के फंक्शन 3 मार्च से ही चल रहे हैं। अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन 27 फरवरी को गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर में



हुए थे। दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी। सानिया चंडोक ग्रैविस ग्रुप के चेयरमैन रवि घई की पोती हैं। अर्जुन की बहन सारा की करीबी दोस्त भी हैं। तेंदुलकर और चंडोक फैमिली का स्वागत करते हुए नीता अंबानी ने कहा, 'सचिन और अंजलि, आप हमेशा से हमारे परिवार का हिस्सा रहे हैं। आपकी खुशी में शामिल होकर हमारा दिल खुशी से भर गया है। मैंने अर्जुन को एक छोटे बच्चे से एक जिम्मेदार युवक बनते देखा है।

- अर्जुन तेंदुलकर बिजनेस मैन रवि घई की पोती के साथ विवाह सूत्र में बंधे हैं।
- बॉलिवुड के बिग बी अमिताभ बच्चन पत्नी जया के साथ शादी में पहुंचे हैं।
- एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल परिवार के साथ शादी में पहुंचे।

### पैट स्पा सेंटर की डायरेक्टर है सानिया

सानिया चंडोक मशहूर बिजनेस परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद सानिया लाइमलाइट से दूर रहती हैं। वे मुंबई में ही मिस्टर पॉज पैट स्पा एंड स्टोर एलएलपी (Mr. Paws Pet Spa & Store LLP) की पार्टनर और डायरेक्टर हैं। यह पशुओं की स्किनकेयर, ग्रूमिंग और इससे रिलेटेड प्रोडक्ट्स की सेवाएं देता है। सानिया ने इसकी शुरुआत 2022 में एक लाख रुपए से की थी।





कार्यक्रम का सबसे यादगार पल तब था जब सचिन तेंदुलकर ने माइक संभाला। सचिन ने कहा- 'अर्जुन, मुझे तुम पर बहुत गर्व है। जब कोई बेटा, बेटी को घर लाता है और उसका परिचय कराता है तो पिता समझ जाता है कि बेटा अब बड़ा हो गया है। अर्जुन और सानिया एक-दूसरे के प्यार में पागल और बेहद खुश दिख रहे हैं। अर्जुन, तुम्हें ऐसा साथी मिल गया है, जो तुमसे उतना ही प्यार करता है, जितना तुम उससे करते हो।'

# रणजी चैंपियन जम्मू-कश्मीर टीम ने जय शाह से मुलाकात की

### राज्य में क्रिकेट को बढ़ावा देने पर आभार जताया, बीसीसीआई ने फोटोज शेयर किए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर ने 67 साल में पहला रणजी ट्रॉफी जीता है। इस जीत के बाद टीम के खिलाड़ियों ने ICC के चैयरमैन जय शाह से मुलाकात की। BCCI ने गुरुवार को फोटोज शेयर किए हैं। खिलाड़ियों ने जम्मू-कश्मीर में क्रिकेट को मजबूत बनाने में उनके योगदान के लिए जय शाह को धन्यवाद दिया। BCCI ने X पर बताया कि रणजी ट्रॉफी का पहला खिताब जीतने के बाद जम्मू-कश्मीर टीम ने जय शाह से मिलने की इच्छा जताई। खिलाड़ियों ने कहा कि BCCI के सचिव रहते हुए जय शाह की लीडरशिप ने राज्य में क्रिकेट को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। BCCI ने अपने पोस्ट में जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक जीत की तारीफ की और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए जय शाह का धन्यवाद किया। कप्तान पारस डोगरा की अगुवाई में जम्मू-कश्मीर ने 67 साल का



इंतजार खत्म करते हुए 2025-26 सीजन में अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। फाइनल मैच ड्रॉ रहा, लेकिन पहली पारी में बड़ी बढ़त के कारण टीम को विजेता घोषित किया गया। बेंगलुरु के पास हुवली क्रिकेट ग्राउंड पर 5 दिन मैच में 24 फरवरी को जम्मू एंड कश्मीर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 584 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने कर्नाटक को 293 रन पर ऑल आउट कर दिया था। दूसरी पारी में जम्मू कश्मीर ने 4 विकेट पर 342 रन बनाए और पारी डिक्लेयर कर दी। पहली पारी में मिली बढ़त की आधार पर जम्मू कश्मीर की टीम को विजेता घोषित किया गया।

# रेणुका सिंह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट से बाहर

### वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण आराम दिया, काशवी गौतम को मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट से पहले इंडिया विमेंस ने तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण आराम दे दिया। उनकी जगह ऑलरांडर काशवी गौतम को टीम में जगह मिली। काशवी वनडे सीरीज का भी हिस्सा थीं। इंडिया विमेंस फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में मल्टी फॉर्मेट सीरीज खेलने के लिए गई हैं। रेणुका ने 3 टी-20 में 4 विकेट लिए, वहीं 3 वनडे में वे 2 विकेट ही अपने नाम कर सकीं। भारत ने टी-20 सीरीज 2-1 से जीती। वनडे सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीती। ऑस्ट्रेलिया में विमेंस क्रिकेट



सीरीज में हर मैच के अलग-अलग पॉइंट्स होते हैं। व्हाइट बॉल मैच जीतने पर 2 पॉइंट्स मिलते हैं। इसलिए ऑस्ट्रेलिया के 8 और भारत के पास 4 पॉइंट्स हैं। अगर भारत ने टेस्ट जीत लिया तो दोनों के 8-8 पॉइंट्स हो जाएंगे और सीरीज ड्रॉ रहेगी। टेस्ट ड्रॉ होने पर दोनों टीमों को 2-2 पॉइंट्स मिलेंगे, ऐसे में ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया के पास चली जाएगी।

### लगातार क्रिकेट खेल रही थीं रेणुका

मेडिकल टीम ने BCCI से कहा कि रेणुका लगातार क्रिकेट खेल रही हैं। विमेंस प्रीमियर लीग के बाद उन्होंने टीम के लिए सभी मैच खेले। फिटनेस और टी-20 वर्ल्ड कप को देखते हुए उन्हें टेस्ट से आराम दे देना चाहिए। BCCI ने कहा, पर्थ के वाका (WACA) में होने वाले पिंक-बॉल टेस्ट के लिए रेणुका उपलब्ध नहीं रहेंगी। उनके वर्कलोड को बेहतर मैनेज करने के लिए यह फैसला लिया गया। मेडिकल टीम उनकी फिटनेस पर लगातार नजर रखेगी।

### बाबर और सईम बांग्लादेश सीरीज से बाहर, 6 अनकैप्ड प्लेयर्स को मौका

# पाकिस्तान ने वर्ल्डकप हार का गुस्सा वनडे टीम पर उतारा



**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन का गुस्सा वनडे टीम पर उतारा। बुधवार को बांग्लादेश सीरीज के लिए टीम अनाउंस हुई। वर्ल्ड कप में बुरी तरह फ्लॉप रहे पूर्व कप्तान बाबर आजम और सईम अयूब को टीम से बाहर कर दिया। टीम में 6 अनकैप्ड प्लेयर्स और वर्ल्ड कप में टॉप स्कोरर रहे साहिबजादा फरहान को शामिल कर लिया। फरहान ने अक्टूबर 2024 से कोई घरेलू लिस्ट-ए मैच भी नहीं खेला है। वे अब तक पाकिस्तान के लिए वनडे डेब्यू भी नहीं कर सके। तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ही पाकिस्तान



की कप्तानी करेंगे। उन्हें पिछले साल ही मोहम्मद रिजवान के बाद कप्तान बनाया गया था। वर्ल्ड कप टीम से बाहर रहे विकेटकीपर रिजवान वनडे टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब रहे। टी-20 कप्तान सलमान अली आगा, ऑलराउंडर फहीम अशरफ और लेग स्पिनर अबरार अहमद को भी टीम में जगह मिल गई। अबरार के अलावा बॉलिंग डिपार्टमेंट में मोहम्मद वसीम जूनियर और हारिस रऊफ शामिल किए गए। बैटिंग ऑलरा-उंडर हुसैन तलत के साथ चाइनामैन फैसल अकरम भी टीम का हिस्सा हैं, जिन्होंने 2024 में वनडे डेब्यू किया था। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच 3 वनडे की सीरीज 11 मार्च से शुरू होगी।

### 6 अनकैप्ड प्लेयर्स को मौका

वनडे सीरीज में कई प्लेयर्स को डेब्यू का मौका मिल सकता है। 28 साल के अब्दुल समद को जगह मिली, जिन्होंने टी-20 क्रिकेट में फिनिशर के रूप में पहचान बनाई। 21 साल के शामिल हुसैन और और 20 साल के माज सदाकत भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं। 3 लिस्ट-ए मैच खेलने वाले 21 साल के शाद मसूद और गाजी घोरी भी टीम में शामिल किए गए हैं।

### अपने बेस्ट फॉर्मेट से बाहर हुए बाबर-अयूब

सईम अयूब और बाबर आजम अपने करियर में सबसे ज्यादा मजबूत वनडे फॉर्मेट में ही नजर आए। पिछले 13 मुकाबलों में अयूब ने 3 शतक और 2 फिफ्टी लगाईं। 2024 में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका में वनडे सीरीज जीत में अयूब ने अहम भूमिका निभाई थी। अयूब वर्ल्ड कप में जरूर फ्लॉप रहे, लेकिन उनकी स्पिन गेंदबाजी ने टीम को अहम विकेट दिलाए थे। बाबर भी वनडे में 20 शतक और 37 फिफ्टी लगा चुके हैं। उन्होंने किसी और फॉर्मेट में 10 सेंचुरी भी नहीं लगाईं। उनके नाम 140 मुकाबलों में 6501 रन जरूर हैं, लेकिन 2025 से वे इस फॉर्मेट में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। इनके अलावा तेज गेंदबाज नसीम शाह और लेफ्ट आर्म स्पिनर मोहम्मद नवाज को भी वनडे टीम में जगह नहीं मिली।

## मनोरंजन

# ईरान-इजराइल जंग से दुबई में फंसीं सोनल चौहान भारत लौटीं

### पीएम मोदी से मांगी थी मदद, कहा- युद्ध समस्या का समाधान नहीं

**मुबंई।** ईरान और इजराइल के बीच युद्ध के चलते दुबई में फंसी बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनल चौहान और ईशा गुप्ता सुरक्षित भारत लौट आई हैं। सोनल ने कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वतन वापसी के लिए मदद मांगी थी। अब उन्होंने मुंबई पहुंचने की जानकारी देते हुए भारत सरकार और दुबई प्रशासन को शुक्रिया कहा। सोनल ने युद्ध पर बात करते हुए यह भी कहा कि युद्ध कभी किसी समस्या का समाधान नहीं होता। इससे पहले मंगलवार को UAE में फंसी ईशा गुप्ता ने भी भारत लौटकर भारत सरकार और यूएई प्रशासन का धन्यवाद किया था। ईशा ने सोशल मीडिया पर बताया कि मिसाइल हमलों की खबरों के बाद UAE में डर और अफरा-तफरी का माहौल था। कुछ समय के लिए एयरपोर्ट बंद कर दिए गए थे, जिससे यात्री वहीं फंस गए थे। ईशा ने यूएई सरकार, एयरपोर्ट स्टाफ और होटल मैनेजमेंट की सराहना करते हुए कहा कि अधिकारियों ने फंसे हुए यात्रियों को तुरंत होटलों में रुकवाया और खाने-पीने का इंतजाम किया। ईरान और इजराइल के युद्ध के बीच ईरान ने दुबई और UAE पर भी मिसाइलों से हमला किया। सुरक्षा कारणों से मिडिल ईस्ट के कई देशों ने अपना एयरस्पेस (हवाई क्षेत्र) बंद कर दिया था। दुबई और UAE इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी उड़ानों का संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ और कई इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं।

"एक्ट्रेस ने कहा कि यह मुश्किल समय जल्द ही खत्म होगा और इलाके में शांति बहाल होगी। ईशा गुप्ता ने भी घर लौटने पर ईश्वर का आभार जताते हुए कहा था कि यह अनुभव हमें असली ताकत का एहसास कराता है। सोनल ने सोशल मीडिया के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वतन वापसी के लिए मदद मांगी थी। सोनल ने सोशल मीडिया के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वतन वापसी के लिए मदद मांगी थी।"

### वतन वापसी पर सोनल ने जाहिर की खुशी

सोनल चौहान ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर अपनी वतन वापसी की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि भारत वापस आकर वह बहुत शुक्रगुजार महसूस कर रही हैं। एक्ट्रेस ने उन सभी फैंस और दोस्तों का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने मुश्किल वक्त में उनके लिए मैसेज भेजे और दुआएं कीं।

### दुबई प्रशासन की तारीफ की, बोलीं- वहां के लोगों में हिम्मत दिखी

सोनल ने अपनी पोस्ट में दुबई के लोगों और वहां की सरकार की तारीफ की। उन्होंने कहा, मैंने वहां के लोगों का जोश और अपनी सरकार पर अटूट भरोसा देखा। इस संकट के समय में दुबई प्रशासन ने सबको शांत और सुरक्षित रखा। हर चीज को बड़ी सावधानी और जिम्मेदारी के साथ हैंडल किया गया ताकि वहां मौजूद हर व्यक्ति खुद को सेफ महसूस करे।





# दुबई में फंसे लोगों के लिए सोनू सूद आए आगे

### लोगों को मुफ्त में ठहरने की सुविधा देंगे, मदद पाने के लिए करना होगा मैसेज

**चंडीगढ़।** इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध की वजह से दुबई में फंसे लोगों के लिए बॉलीवुड एक्टर सूद आगे आए हैं। उन्होंने लोगों को फ्री में रहने की जगह मुहैया करवाने की बात कही है। चाहे ये लोग भारत के रहने वाले हों या किसी अन्य देश से संबंधित हों, वह सबकी मदद करेंगे। इसके लिए उन्हें सिर्फ मैसेज करना होगा। सोनू सूद अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट डाली है। इसमें उन्होंने लिखा है कि युद्ध की वजह से कई यात्री दुबई में फंस गए हैं। अगर आप या आपका कोई जानने वाला वहां है और रहने की जगह नहीं है, तो हम फ्री में सुरक्षित ठहरने की सुविधा दे रहे हैं।

### बाढ़ के समय भी मदद को आगे आए

पंजाब में बाढ़ के समय भी बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद मदद के लिए आगे आए थे। अगस्त 2025 में जब पंजाब में भयंकर बाढ़ आई थी और 37 साल बाद ऐसे हालात बने थे, तब भी उन्होंने लोगों का साथ नहीं छोड़ा। वह अपनी बहन मालविका सूद के साथ खुद बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचे । इस दौरान लोगों को पीने का पानी, खाने का राशन, बेबी न्यूट्रिशन किट, कंबल, तिरपाल, हाइजीन किट, मच्छरदानी और पशुओं के लिए चारा बांटा गया। इसके अलावा मेडिकल कैंप भी लगाए गए।



# हर दिन मिलती हैं रेप की धमकियां : आयशा खान

### धुरंधर एक्ट्रेस ने कहा-मेरे पीरियड्स पर गाना शूट करना एक नेशनल जोक बन गया

**मुबंई।** एक्ट्रेस आयशा खान ने हाल ही में बताया कि सोशल मीडिया पर अक्सर उन्हें बॉडी को लेकर सेक्शुअल कमेंट्स मिलते हैं और लगभग हर दिन उन्हें रेप की धमकियां भी दी जाती हैं। मोजो स्टोरी की समिट में आयशा ने कहा कि हाल ही में उन्होंने फिल्म धुरंधर के गाने शरारत की शूटिंग से जुड़ा एक अनुभव शेयर किया था। उन्होंने बताया था कि उस गाने की शूटिंग उन्होंने पीरियड्स के दौरान की थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया गया। आयशा ने कहा कि उन्हें लगा कि उनके पीरियड्स पर होना अचानक एक नेशनल जोक बन गया है। एक्ट्रेस ने कहा कि सोशल मीडिया पर लोग उनके कपड़ों को लेकर भी कमेंट करते हैं। उन्होंने कहा, "मैं इंस्टाग्राम पर लगभग हर दिन अपनी बॉडी को लेकर सेक्शुअल कमेंट्स का सामना करती हूं। अगर मैं नॉर्मल टॉप पहनती हूं तो लोगों को समस्या होती है। अगर मैं स्कर्ट पहनती हूं तो भी लोगों को दिक्कत होती है। मुझे कुछ पोस्ट करने से पहले भी सोचना पड़ता है।" उन्होंने कहा कि कई बार इस तरह की बातें उन्हें इमोशनली परेशान करती हैं। उनके मुताबिक अगर किसी को कपड़े पहनने या फोटो पोस्ट करने से पहले सोचना पड़े, सिर्फ इसलिए कि लोग उसे सेक्शुअल तरीके से देखेंगे, तो यह एक दुखद स्थिति है। आयशा ने कहा कि कुछ दिनों में वह इन बातों



को नजरअंदाज कर देती हैं, लेकिन कई बार ऐसे कमेंट्स ज्यादा परेशान करते हैं, खासकर जब लोग हिंसा की बात करते हैं। उन्होंने कहा, "जब लोग लिखते हैं कि अगर उनके पास ताकत होती तो वह कुछ भी कर सकते थे, तो यह डराने वाला होता है। क्योंकि यह असली लोग हैं जो हमारे आसपास ही रहते हैं।" समिट के दौरान आयशा से पूछा गया कि क्या उन्हें ऑनलाइन रेप की धमकियां मिलती हैं? इस पर उन्होंने कहा, "हां, लगभग हर दिन। मैं अभी अपना फोन खोलकर दिखा सकती हूं।

# भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत पर अमेरिका का हमला

## श्रीलंका के पास डूबा, 87 सैनिकों की मौत, 32 का रेस्क्यू किया

**जंग**

**तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी**

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज पांचवां दिन है। अमेरिका ने भारत से लौट रहे एक ईरानी युद्धपोत IRIS देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया है। हमले में अब तक 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए हैं। यह जानकारी श्रीलंकाई सरकार ने दी है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बताया कि हिंद महासागर में अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी जहाज को टॉरपीडो से निशाना बनाकर डुबा दिया। श्रीलंका की नेवी ने 32 घायल नौसैनिकों का रेस्क्यू कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। जहाज पर लगभग 180 नौसैनिक सवार थे। लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन



जारी है। यह ईरानी युद्धपोत पिछले महीने भारत के विशाखापट्टनम में आयोजित 2026 इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लेकर लौट रहा था। श्रीलंकाई अधिकारियों ने अल जजीरा को बताया कि बुधवार सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच (भारतीय समय के मुताबिक) मदद के लिए मैसेज भेजा। यह जहाज दक्षिणी श्रीलंका के गाले शहर से करीब 40 समुद्री मील (करीब 75 किलोमीटर) दूर था। इंटरनेट मॉनिटरिंग संगठन NetBlocks के अनुसार ईरान लगभग 100 घंटे से इंटरनेट कनेक्टिविटी से लगभग पूरी तरह कट गया है। यह इस साल दूसरी बार है जब ईरानी अधिकारियों द्वारा इस तरह का इंटरनेट शटडाउन लागू किया गया है।

### ईरान संघर्ष के बीच 17,500 से अधिक अमेरिकी सुरक्षित लौटे



ईरान से जंग पर अमेरिका ने कहा है कि 28 फरवरी से अब तक 17,500 से अधिक अमेरिकी नागरिक मध्य पूर्व से सुरक्षित रूप से अमेरिका लौट चुके हैं। अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा जारी मीडिया नोट में सहायक विदेश सचिव डिलन जॉनसन ने बताया कि मंगलवार को ही 8,500 से अधिक अमेरिकी नागरिक अमेरिका लौटे, जो हाल के हफ्तों में एक दिन में हुई सबसे बड़ी वापसी में से एक है। बयान में कहा गया- 28 फरवरी से अब तक 17,500 से अधिक अमेरिकी नागरिक मध्य पूर्व से सुरक्षित रूप से अमेरिका लौट चुके हैं, जिनमें से 8,500 से अधिक नागरिक केवल कल ही अमेरिका पहुंचे।

### ईरान ने खामेनेई के शोक समारोह स्थगित किए

ईरान ने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के लिए आयोजित होने वाले शोक समारोह को फिलहाल टाल दिया है। एक अधिकारी ने सरकारी टेलीविजन को बताया कि ये कार्यक्रम बुधवार से शुरू होने वाले थे और तीन दिन तक चलने वाले थे। अधिकारी ने कहा कि स्मृति समारोहों को अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है।



150 लड़कियों के अंतिम संस्कार के लिए सोमवार को एक साथ मिनाब शहर में कब्र खोदी गई थीं।

### यूएई का दावा: ईरान ने अब तक उस पर 189 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने कहा है कि ईरानी आक्रामकता शुरू होने के बाद से अब तक यूएई की ओर दागी गई 189 बैलिस्टिक मिसाइलों का पता लगाया गया है। यूएई के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इनमें से 175 मिसाइलों को मार गिराया गया, 13 समुद्र में गिरीं और एक मिसाइल देश के अंदर गिरी। मंत्रालय ने बताया कि मंगलवार को भी तीन बैलिस्टिक मिसाइलों को सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट किया गया। इसके साथ ही 129 ड्रोन का पता चला, जिनमें से 121 को मार गिराया गया, जबकि 8 यूएई के भीतर गिरे।

### सीएनजी-रसोई गैस की कीमतें बढ़ सकती हैं

नई दिल्ली। मिडिल-ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण भारत में CNG (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) और PNG (पाइप्ड नेचुरल गैस) की कीमतें बढ़ सकती हैं। ईरान के ड्रोन हमले के बाद भारत को गैस सप्लाई करने वाला सबसे बड़ा देश कतर अपने लिक्विफाइड नेचुरल गैस (LNG) प्लांट का उत्पादन रोक चुका है। इससे भारत आने वाले जहाजों की आवाजाही रुक गई है और घरेलू बाजार में गैस की सप्लाई में 40% तक की बड़ी कटौती की गई है। भारत अपनी जरूरत की 40% LNG (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) यानी करीब 2.7 करोड़ टन सालाना कतर से ही आयात करता है। विदेश से आने वाली LNG को गैस में बदलकर ही CNG और PNG सप्लाई की जाती है। इसकी सप्लाई रुकने से सिटी गैस कंपनियों (CGD) ने चेतावनी दी है कि अगर हालात जल्द नहीं सुधरे, तो CNG और PNG के दाम बढ़ सकते हैं।

**फास्ट न्यूज**

### ईरान-इजराइल जंग से जेट-फ्यूल मार्च में 6% महंगा

नई दिल्ली। भारतीय एविएशन इंडस्ट्री एक बार फिर मुश्किल दौर से गुजर रही है। एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) की कीमतों में उछाल, डॉलर के मुकाबले गिरता रुपया और मिडिल ईस्ट में जारी तनाव ने एयरलाइंस की प्रॉफिटेबिलिटी यानी मुनाफे पर दबाव बढ़ा दिया है। हालांकि, ग्राउंडेड विमानों की संख्या में कमी आने से राहत मिली है, लेकिन इंटरनेशनल रूट्स पर उड़ानों के रद्द होने और रूट बदलने से एयरलाइंस का खर्च बढ़ गया है।

### रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर, पहली बार 92.28 पर आया

नई दिल्ली। भारतीय रुपया आज 4 मार्च को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83 पैसे गिरकर 92.28 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले जनवरी में रुपया 91.98 के निचले स्तर पर गया था। ये गिरावट मिडिल-ईस्ट में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल के बढ़ते दाम के कारण आई है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि जब तक युद्ध शांत नहीं होता, रुपए पर दबाव बना रह सकता है। इस साल रुपए में अब तक 2% से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है। इससे चलते यह 2026 में दुनिया के इमर्जिंग मार्केट्स की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली करेंसी में से एक बन गई है।

### पीएफ पर मिलता रहेगा 8.25% ब्याज

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भी पीएफ पर 8.25% की दर से ही ब्याज मिलता रहेगा। सरकार ने ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी या कटौती नहीं की है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज के इस फैसले पर अब वित्त मंत्रालय की मुहर लगेगी, जिसके बाद कर्मचारियों के खातों में पैसा क्रेडिट होगा। आम तौर पर सीबीटी की घोषणा के कुछ महीनों बाद ब्याज की रकम खातों में जमा की जाती है।

## एपल ने लॉन्च किया सबसे सस्ता लैपटॉप मैकबुक नियो

### शुरुआती कीमत ₹69,990, इसमें आईफोन वाली ए18 प्रो चिप

**कैलिफोर्निया, एजेंसी**

दिग्गज टेक कंपनी एपल ने अपना अब तक का सबसे किफायती लैपटॉप 'मैकबुक नियो' लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इसे उन यूजर्स के लिए पेश किया है जो कम बजट में मैकबुक का अनुभव लेना चाहते हैं। इसकी शुरुआती कीमत भारत में 69,990 रुपए रखी गई है। मैकबुक नियो में A18 प्रो चिपसेट दिया गया है। ये 6-कोर CPU और 5-कोर GPU के साथ आता है। इसमें 16-कोर वाला न्यूरल इंजन (NPU) भी है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) टास्क को तेजी से प्रोसेस करता है। ये चिप आईफोन 16 प्रो में मिलती थी। एपल का दावा है कि स्मार्टफोन चिपसेट होने के बावजूद यह लैपटॉप ब्राउजिंग, वीडियो स्ट्रीमिंग, फोटो एडिटिंग और डेली ऑफिस वर्क को बड़ी आसानी से हैंडल कर सकता है।



डिजाइन के मामले में यह काफी हद तक मैकबुक एयर जैसा दिखता है। इसमें 13-इंच की लिक्विड रेटिना (IPS LCD) डिस्प्ले दी गई है। इसे टिकाऊ एल्युमिनियम एनक्लोजर से बनाया गया है और यह चार कलर्स- ब्लश, इंडिगो, सिल्वर और सिट्रस में उपलब्ध होगा। एपल के मुताबिक, मैकबुक नियो को एक बार फुल चार्ज करने पर 16 घंटे तक का वीडियो प्लेबैक टाइम मिलता है। इसमें 36.5Wh की बैटरी लगी है। इसे बॉक्स में मिलने वाले 20W के USB-C पावर अडैप्टर से चार्ज किया जा सकता है।

## 79,850 पर कारोबार कर रहा, निफ्टी 250 अंक चढ़ा, ऑटो और एनर्जी शेयर्स में खरीदारी

# सेंसेक्स में 700 अंक की तेजी

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजार में आज यानी 5 मार्च को बढ़त है। सेंसेक्स 700 अंक की तेजी के साथ 79,800 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी करीब 250 अंक की बढ़त है। ये 24,700 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। बाजार में ये तेजी 2:30 बजे के बाद देखने को मिली है। ऑटो, मेटल, फार्मा और एनर्जी शेयर्स ज्यादा बढ़त है। L&T और अडाणी पोर्ट्स के शेयर में 4% से ज्यादा कर तेजी है। वहीं IT शेयर्स में आज गिरावट है। ब्रेंट क्रूड में आज करीब 1% की तेजी है। ये 83 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। बीते 4 दिन में इसके दाम करीब 15% चढ़ चुके हैं। जानकारों का मानना है कि अगर यह तनाव और बढ़ा तो तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल



तक जो सकती हैं। इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल पर दिख सकता है। दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 100 तक पहुंच सकता है। वहीं डीजल 88 से बढ़कर 92 तक जा सकता है। अन्य शहरों में भी इसी तरह कीमतें बढ़ सकती है। इससे पहले कल यानी 4 मार्च को शेयर बाजार में गिरावट रही थी। सेंसेक्स 1123 अंक या 1.40% गिरकर 79,116 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 385 अंक या 1.55% टूटा है। ये 24,480 के स्तर पर आ गया। मेटल और बैंक शेयर्स सबसे ज्यादा गिरे थे।

### एशियाई बाजारों में साउथ कोरिया का बाजार 10% चढ़ा

- साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 490 अंक या (9.63%) ऊपर 5,583 पर बंद हुआ।
- जापान का निक्केई 1,032 अंक या 1.90% चढ़कर 55,278 पर बंद हुआ।
- हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 71 अंक या 0.28% चढ़कर 25,321 पर बंद हुआ।
- चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 26 अंक या 0.64% ऊपर 4,108 पर बंद हुआ।



### बाजार में तेजी के 4 बड़े कारण

**कम कीमत पर शेयरों की खरीदारी:** पिछले कुछ दिनों की गिरावट के बाद बाजार में 'वैल्यू बाइंग' यानी सस्ते दाम पर खरीदारी लौटी है। निवेशकों ने रियल्टी, मेटल, ऑयल एंड गैस और ऑटो जैसे सेक्टर के शेयरों को निचले स्तर पर खरीदा।

**ग्लोबल मार्केट से अच्छे संकेत:** एशियाई बाजारों से भी अच्छे संकेत मिले जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी करीब 10% उछला। बुधवार को अमेरिकी बाजार भी बढ़त के साथ बंद हुए।

**रुपए में सुधार:** घरेलू शेयर बाजार में तेजी की वजह से रुपया अपने निचले स्तर से उबर गया और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 48 पैसे मजबूत होकर 91.57 पर पहुंच गया।

**तेल और गैस शेयरों में उछाल:** एनर्जी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी से भी बाजार को सहारा मिला। रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ-साथ ONGC और ऑयल इंडिया जैसी कंपनियों के शेयरों ने ऑयल एंड गैस इंडेक्स को करीब 2% ऊपर धकेल दिया।

## पीएनबी ने एटीएम से कैश निकालने की लिमिट 50% घटाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पंजाब नेशनल बैंक (PNB) ने अपने चुनिंदा डेबिट कार्ड्स (ATM कार्ड) से रोजाना कैश निकालने की लिमिट को आधा कर दिया है। नए नियम 1 अप्रैल, 2026 से लागू होंगे। बैंक ने यह फैसला रिस्क कंट्रोल को मजबूत करने और ग्राहकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए लिया है। PNB ने अपने डेबिट कार्ड्स को दो मुख्य कैटेगरी में बांटकर लिमिट रिवाइज की है। जिनकी डेली लिमिट पहले 1 लाख रुपए थी, इसे अब 50 हजार रुपए कर दिया है। वहीं दूसरी कैटेगरी में प्रीमियम कार्ड्स की लिमिट 1.5 लाख रुपए से घटाकर 75 हजार रुपए कर दी गई है। बैंक ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा कि यह बदलाव सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया गया है। बैंक का मानना है कि कैश निकालने की लिमिट कम होने से फ्रॉड के मामलों में ग्राहकों को होने वाले नुकसान को




कम किया जा सकेगा। इसके साथ ही बैंक ग्राहकों को कैश के बजाय डिजिटल बैंकिंग और सुरक्षित ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के लिए प्रोत्साहित करना चाहता है। अगर ग्राहक अपनी संशोधित लिमिट के भीतर ही बदलाव करना चाहते हैं, तो बैंक ने इसके लिए कई विकल्प दिए हैं। ग्राहक PNBOne मोबाइल एप, इंटरनेट बैंकिंग, वॉट्सएप बैंकिंग या IVR (कॉल) के जरिए अपनी डेली लिमिट सेट या रिसेट कर सकते हैं। बैंक ने बताया है कि ऊपर बताए गए कार्ड्स के अलावा अन्य सभी डेबिट कार्ड की कैश निकालने की लिमिट पहले जैसी ही रहेगी। साथ ही, अगर आप दुकान पर कार्ड स्वाइप करते हैं या ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं, तो वहां की ट्रांजैक्शन लिमिट में कोई कटौती नहीं की गई है। यह वह अधिकतम राशि है जो आप 24 घंटे में अपने कार्ड का उपयोग करके ATM मशीन से निकाल सकते हैं। बैंक अक्सर सुरक्षा कारणों से अलग-अलग कार्ड्स पर अलग-अलग लिमिट तय करते हैं।

## मां बोली- खालिस्तानियों ने मारा, हरियाणा में जन्मी, विवादित टिप्पणियां करती थी

# पंजाबी यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल की चाकू मारकर हत्या

**लुधियानाक, एजेंसी**

नाडा में पंजाबी मूल की यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल (45) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। कैनेडियन पुलिस के मुताबिक मंगलवार की रात करीब साढ़े 9 बजे हमलावर उसके घर में घुसे। उसे घर के भीतर ही चाकू मारे गए। जिसके बाद हमलावर उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर फरार हो गए। नैन्सी कनाडा के विंडसर इलाके में रहती थी। इसका पता चलने के बाद पुलिस वहां पहुंची। जहां से नैन्सी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। वहां के डॉक्टरों के मुताबिक उसे काफी गंभीर चोटें लगी हुई थीं। जिस वजह से उसकी मौत हो गई। नैन्सी का जन्म हरियाणा में हुआ लेकिन बाद में उनका परिवार लुधियाना शिफ्ट हो गया। अब उसकी मां



जालंधर में रहती है। नैन्सी अपने यूट्यूब वीडियो को लेकर सुर्खियों में रहती थी। जिसमें वह खुलकर खालिस्तानियों से लेकर अकाल तख्त जत्थेदार और डेरा ब्यास मुखी तक की आलोचना करती थी। नैन्सी ग्रेवाल ने कुछ दिन पहले एक वीडियो के जरिए ब्यास स्थित राधा स्वामी डेरे के मुखी बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों पर भी वीडियो के जरिए आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। नैन्सी कह रही थी कि लोग कहते हैं कि उनके बाबा जी नशा छुड़ाते हैं। मगर, क्या उन्होंने कहीं नशा मुक्ति सेंटर खोला है और कहां पर खोला है मुझे बताएं। कितने बच्चों के नशे छुड़ा दिया। जो बच्चा नशा करता है उसके मां बाप भी कहते हैं कि नशा नहीं करना। ये भी डेरे में ऐसा ही कहते हैं। इन्होंने पंजाब में कितने भले काम किए हैं। नैन्सी ने कहा था कि बाबाओं के पीछे न जाएं बल्कि मेहनत करके खुद प्राप्त करो। नैन्सी ग्रेवाल ने एक वीडियो में सुखबीर बादल पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि सिंगर केएस मक्खन को पार्टी में शामिल कर दिया। केएस मक्खन पर कथित ड्रग के केस हैं। उससे बचने के लिए वो राजनीति में आया। उसे किसी ने स्कीम दी है कि अगर तू इस रूप में राजनीति में आ गया तो सिख तेरे साथ खड़े हो जाएंगे और तुझे बचा देंगे।

### कत्ल से पहले आखिरी पोस्ट, अकाल तख्त जत्थेदार पर विवादित टिप्पणी

नैन्सी ग्रेवाल के इंस्टाग्राम अकाउंट पर आखिरी पोस्ट में उसने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार पर विवादित टिप्पणी की थी। इसमें वह किसी सतनाम सिंह नाम के व्यक्ति के बयान का समर्थन करती है। वह अकाल तख्त जत्थेदार को चेतावनी देती हुई नजर आ रही थी कि जब अवाम इकट्ठा हो गई और सच्चे सिख साथ हो गए तो उन्हें नहीं छोड़ेंगे। इसके अलावा अकाल तख्त जत्थेदार के कपड़ों को लेकर भी कई किस्म की विवादित बातें कहीं थीं। यह वीडियो उसके कत्ल वाले दिन यानी 3 फरवरी से 6 दिन पहले का है।

**गिरावट:** ₹2.58 लाख किलो पर आई, 10 ग्राम सोना ₹7 हजार गिरकर ₹1.63 लाख का हुआ

# चांदी 2 दिन में ₹32 हजार सस्ती हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। देश में सोने और चांदी की कीमतों में आज यानी 5 मार्च को लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है। India Bullion and Jewellers Association (IBJA) के अनुसार 24 कैरेट सोने की कीमत में 3 हजार रुपये की कमी आई है। इसके बाद 10 ग्राम सोना घटकर करीब 1.60 लाख रुपये पर आ गया है। इससे पहले इसकी कीमत करीब 1.63 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम थी। बुलियन मार्केट के आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो दिनों में सोने की कीमत में कुल मिलाकर करीब 7 हजार रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। हाल के दिनों में सोने के दाम में आई तेज बढ़त के बाद निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली (प्रॉफिट बुकिंग) करने से कीमतों में यह कमी देखने को मिल रही है। सोने के साथ-साथ चांदी की कीमतों में भी बड़ी गिरावट आई है। एक किलो चांदी की कीमत 13 हजार रुपये घटकर करीब 2.58 लाख रुपये प्रति किलो रह गई है। इससे पहले चांदी का भाव करीब 2.71 लाख रुपये प्रति किलो था। पिछले दो दिनों में चांदी की कीमत में कुल मिलाकर करीब 32 हजार रुपये की गिरावट दर्ज की गई है।



### सोना इस साल ₹26 हजार और चांदी ₹27 हजार महंगी

इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली है। बीते साल के आखिर में सोना 1.33 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 1.60 लाख रुपए पर है। यानी इसकी कीमत इस साल अब तक 26 हजार बढ़ चुकी है। वहीं चांदी भी इस दौरान 27 हजार रुपए महंगी हुई है।

### ज्वेलर्स से सोना खरीदते समय इन 2 बातों का रखें ध्यान

**1. सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें:** हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- AZ4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है।

**2. कीमत क्रॉस चेक करें:** सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

## ईरान और इजराइल युद्ध से बासमती चावल एक्सपोर्ट अटका

### शिपिंग एजेंसियां $2000 डालर प्रति कंटेनर मांग रहीं

**फाजिल्का, एजेंसी**

खाड़ी देशों में हो रहे युद्ध के चलते इसका सीधा असर अब पंजाब के बासमती राइस एक्सपोर्टर पर पड़ा है। फाजिल्का जिले के जलालाबाद की बात करें तो यहां से एक्सपोर्ट किया गया लाखों टन बासमती चावल रास्ते में अटक गया है। मिलर्स का कहना है कि युद्ध के हालातों को देखते हुए शिपिंग के नाम पर अब शिपिंग एजेंसियां उनसे 2000 डॉलर प्रति कंटेनर की मांग रही हैं। जिसे वह अदा करने में असमर्थ हैं। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से दखल देने की मांग करते हुए समस्या के समाधान की मांग की है। जलालाबाद से राइस एक्सपोर्टर कपिल देव गुंबर ने बताया कि फाजिल्का जिले में किसान बासमती चावल की खेती करते हैं। 1121



किस्म का बासमती चावल खाड़ी देशों में पसंद किया जाता है। वह पिछले 15 वर्षों से बासमती चावल एक्सपोर्ट का काम कर रहे हैं। लाखों टन चावल भारत से खाड़ी देशों को भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया अब भी उनके द्वारा लाखों टन बासमती चावल दुबई, ईरान सहित गल्फ कंट्रियो में भेजा गया है, जो ईरान-इजराइल युद्ध के चलते रास्ते में फंस गया है। उन्होंने बताया कि उनके करीब 150 कंटेनर है जिसमें से कुछ शिप, समुंदर, बंदरगाह या फिर ट्रकों में है वो वहीं रुक गया है। सारा माल रास्ते में फंस गया है। हालांकि पहले से ही तय भाड़े के अनुसार उनके द्वारा चावल एक्सपोर्ट किया जा रहा है। अब हालात ये हो गए हैं कि युद्ध के चलते रास्ते में फंसे चावल के लिए उनसे शिपिंग एजेंसियों द्वारा वार चार्जेस के नाम पर 2000 डॉलर प्रति कंटेनर मांगा जा रहा है। जिससे चावल का भाव 800 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ जाएगा, लेकिन उन्हें इतना मार्जन नहीं है। वह एक- दो रुपए प्रति किलो मार्जन पर काम कर रहे हैं। ऐसे में उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में दखल देने की मांग करते हुए समस्या के समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो राइस मिलर्स को भारी नुकसान होगा। जिसका सीधा असर पंजाब की किसानी पर भी पड़ेगा।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96